



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 314 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 13 अगस्त 2024 डाक 14 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
78वें स्वतंत्रता दिवस से पहले डल झील पर तिरंगा रैली में भाग लेते लोगद्ध



**देश-विदेश**
हिंदुओं के आगे झुकी बांग्लादेश की नई सरकार मंदिरों में तोड़फोड़ पर मांगी माफी, खुद बनवाएगी



**फीचर पेज**
एग्जाम में अच्छे नंबर लाने केलिए बच्चों को जरूर सिखाएं ये बातें, खुद से करने लगेंगे मेहनत



# सुरक्षा नहीं तो ड्यूटी नहीं, दिल्ली से लेकर कोलकाता के अस्पतालों में हड़ताल पर डॉक्टर, OPD सेवाएं प्रभावित

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य अपराध को लेकर देश में डॉक्टरों के अंदर आक्रोश है। डॉक्टरों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की है। वहीं, रेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोरडा) ने सोमवार को घोषणा करते हुए कहा कि कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में उसकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग की दो सदस्यीय टीम मंगलवार को कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल पहुंची। टीम की सदस्यों ने इस घटना के बारे में अस्पताल प्रशासन से बातचीत की।




इसी अस्पताल के सेमिनार कक्ष से डाक्टर का शव बरामद हुआ था। वहीं दूसरी ओर कोलकाता पुलिस ने इस मामले में चार प्रशिक्षु डाक्टरों को आज पूछताछ के लिए बुलाया है। केजीएमयू लखनऊ में डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने भी इस घटना को लेकर आज विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली में लगातार दूसरे दिन भी एम्स, सफदरजंग, आरएमएल, लोकनायक, जीबी पंत सहित सभी बड़े अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इस वजह से ओपीडी और नियमित सर्जरी प्रभावित है। मुंबई के नायर अस्पताल में डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने भी इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। डॉक्टरों ने जानकारी दी कि आज ओपीडी सेवाओं बंद रहेगी। पश्चिम बंगाल के मंत्री जावेद अहमद खान और टीएमसी विधायक स्वर्ण कमल साहा को कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) संदीप घोष, जिन्होंने कल अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, उन्हें कुछ ही समय बाद कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में फिर से नियुक्त कर दिया गया। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सेवाएं बाधित है। ओपीडी पूरी तरह बंद है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों और छात्रों का प्रदर्शन जारी है। उन्होंने कहा है कि उनकी मांगें पूरी होने तक वे अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। इस तरह से मेडिकल कॉलेज में हड़ताल का आज पांचवां दिन होगा। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण अस्पतालों में सेवाएं बाधित हो रही हैं। यह हड़ताल फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के आह्वान पर की गई।

## भ्रामक विज्ञापन मामले में रामदेव-बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से राहत, अवमानना की कार्यवाही बंद की गई



**नई दिल्ली।** पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। कोर्ट ने इस मानहानि केस को बंद कर दिया है। पतंजलि के उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापन दिए जाने के मामले में बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की माफी स्वीकार करने के बाद कोर्ट ने मानहानि केस बंद कर दिया है। योग गुरु बालकृष्ण और कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील गौतम तालुकदार ने कहा, अदालत ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा दिए गए वचनों के आधार पर अवमानना कार्यवाही बंद कर दी है। 14 मई को शीर्ष अदालत ने अवमानना नोटिस पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों के खिलाफ एक बदनामी अभियान का आरोप लगाया गया है।

## एक्टर राजपाल यादव को कर्ज ना चुकाने पर बैंक से बड़ा झटका, करोड़ों की प्रापर्टी जब्त



**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर में बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव के पिता की करोड़ों की प्रापर्टी को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की मुंबई शाखा ने जब्त (सीज) कर दी है। राजपाल यादव ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मुंबई शाखा से लोन लिया था और अपने पिता नौरंग यादव के नाम से जमीन और मकान को गारंटी के तौर पर बैंक में बंधक रखा था। बैंक ने लोन न चुकाने पर प्रापर्टी सीज करने की कार्रवाई की है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बांद्रा-कुर्ला कांपलेक्स मुंबई शाखा की टीम दो दिन पहले शाहजहांपुर पहुंची थी। इसके बाद बैंक अधिकारियों ने बेहद गोपनीय ढंग से राजपाल के लोन से जुड़ी करोड़ों की प्रॉपर्टी को जब्त (सीज) कर लिया गया है। बैंक कर्मचारियों ने प्रॉपर्टी के गेट पर ताले डालकर उन्हें सीज कर दिया और वहां बैंक की प्रॉपर्टी के बैनर लगा दिए गए हैं। राजपाल यादव के बैंक लोन से जुड़ी प्रॉपर्टी को कुर्क करने के बाद बैंक कर्मचारी वापस मुंबई लौट गए। मामले में बैंक लोन में गारंटी के तौर पर लगाई गई उनके पिता के नाम से दर्ज प्रॉपर्टी जब्त की गई है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा ने संपत्ति को सीज करने की पुष्टि की है। उधर, अभिनेता राजपाल यादव के छोटे भाई राजेश यादव ने बताया कि बैंक से लोन लिया गया था लेकिन कुछ दिक्कतों की वजह से लोन समय से जमा नहीं हो पाया।

## सीएम विष्णुदेव साय ने विनोद बाबू माहेश्वरी के निधन पर जताया शोक

**रायपुर, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवभारत नवराष्ट्र परिवार के प्रधान संपादक विनोद बाबू माहेश्वरी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने माहेश्वरी के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने शोक संदेश में कहा है कि विनोद बाबू माहेश्वरी ने जनोन्मुखी पत्रकारिता के माध्यम से आम जनता के जीवन को सुगम बनाने का भरसक प्रयास किया।



उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## स्वतंत्रता दिवस पर केजरीवाल की जगह ध्वजारोहण नहीं कर पाएंगी आतिशी, प्रस्ताव खारिज



**नईदिल्ली , 13 अगस्त [एजेंसी]।**

स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) पर ध्वजारोहण का मामला आम आदमी पार्टी की सरकार और राजनिवास के बीच नए टकराव की वजह बन गया है। स्वतंत्रता दिवस पर कैबिनेट मंत्री आतिशी छत्रसाल स्टेडियम में ध्वजारोहण नहीं कर सकेंगी। दिल्ली सरकार के जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट (जीएडी) ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर छत्रसाल स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में अपनी जगह आतिशी को ध्वजारोहण करने की इच्छा जाहिर की थी। जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने मंत्री गोपाल राय को जवाब देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए आतिशी को अधिकृत करने का निर्देश कानूनी रूप से अमान्य है और इस पर कार्रवाई नहीं की जा सकती। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि तिहाड़ जेल से केजरीवाल का पत्र लिखना और ऐसी बातचीत करना स्वीकार्य नहीं है और यह नियमों का उल्लंघन है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर स्वतंत्रता दिवस समारोह को विवादित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कुछ दिन पहले आप नेताओं ने यह भ्रम फैलाया कि दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी इस बार राज्य स्तरीय सरकारी समारोह में ध्वजारोहण करेंगी। इसके लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल को पत्र लिखा है। तिहाड़ जेल अधीक्षक के एक पत्र से आप नेताओं का झूठ सामने आ गया है। तिहाड़ जेल अधीक्षक के अनुसार मुख्यमंत्री कोई भी शासकीय निर्देश या निवेदन पत्र जेल से नहीं लिख सकते है।

उन्होंने कहा कि सच्चाई आने परअब एक बार फिर से मंत्री गोपाल राय भ्रम फैला रहे हैं। वह दावा कर रहे हैं कि आतिशी ध्वजारोहण करेंगी, इसके लिए संबंधित विभाग को तैयारी करने को कहा है। उनका यह आदेश असंवैधानिक है। इस मामले में संविधान विशेषज्ञों से राय लेकर उपराज्यपाल को निर्णय लेना चाहिए।


## स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## हर घर तिरंगा बाइक रैली को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिखाई हरी झंडी

**नईदिल्ली, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम से एक कार्यक्रम में हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राम मोहन नायडू, किरेन रिजिजू और मनसुख मंडाविया भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने हर घर तिरंगा के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा, आज का दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हर घर तिरंगा एक अभियान है जो आजादी के अमृत महोत्सव का एक हिस्सा है। 2021 में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोगों के घरों में तिरंगा लगाने के लिए इस महोत्सव की शुरुआत की गई थी। अब यह एक आंदोलन बन गया है। तबसे लगातार करोड़ों लोग अपने घरों पर तिरंगे को फहराते हैं।

मेरे मन में इस बात की कोई शंका नहीं है कि आने वाले 15 अगस्त को एक नया रिकॉर्ड बनेगा और हर घर तिरंगा होगा। अपने भाषण में आगे उन्होंने दुनिया में भारत के तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होने पर बल देते हुए कहा, देशवासियों, इस अभियान का उद्देश्य लोगों के दिल में, लोगों की आत्मा में देशभक्ति की आत्मा को जगाना और भारतीय राष्ट्र ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

## भारी बारिश के बाद अमरनाथ यात्रा स्थगित, पहलगाम और बालटाल मार्ग बंद, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**श्रीनगर, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

भारी बारिश और खराब मौसम को देखते हुए अमरनाथ यात्रा पर एक बार फिर से विराम लग गया है।



मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर अमरनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई है। सोमवार शाम को श्रीनगर पहुंचे बिहार के तीर्थयात्री आशीष ने उम्मीद जताई कि यात्रा जल्द ही फिर से शुरू हो जाएगी। उन्होंने एएनआई से बातचीत में कहा कि हमें पता चला कि कुछ कारणों से यात्रा बंद कर दी गई है। हमें इनपुट मिला है कि आज यात्रा फिर से शुरू होगी। हम निश्चित रूप से पूजा-अर्चना करेंगे। उन्होंने तीर्थयात्रियों के साथ सहयोग के लिए सुरक्षा कर्मियों की भी सराहना की।


## पेवर ब्लॉक


सीमेंट से निर्मित (राखड़ मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक



जिग्जैक | आई | कॉस्मिक | बर्फी | एक्सकॉन

एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में

उचित मुल्य पर उपलब्ध



चेकर टाईल्स

पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है ।

संपर्क करें - 94255-40449

ऐरन इंटरप्राईजेस

कोरबा (छ.ग.)


## डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम फिर आया जेल से बाहर, बागपत के आश्रम में गुजारेगा 21 दिन

**रोहतक, 13 अगस्त [एजेंसी]।**



डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर फरलो मिल गई है। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे राम रहीम जेल से बाहर आया। राम रहीम को 21 दिन की फरलो मिली है। राम रहीम रोहतक जिले की सुनारिया जेल में सजा काट रहा है। उसे करीब सुबह साढ़े छह बजे कड़ी सुरक्षा के साथ जेल से बाहर छोड़ गया। 21 दिनों की फरलो के दौरान गुरमीत राम रहीम बागपत के बरनावा आश्रम में रहेगा। साल 2024 में गुरमीत राम रहीम दूसरी बार सलाखों से बाहर आया है। बता दें कि डेरा प्रमुख राम रहीम दुष्कर्म और हत्या के मामले में सजा काट रहा है। गुरमीत राम रहीम सिंह इस बार 15 अगस्त को अपना जन्मदिन उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित बरनावा आश्रम में अनुयायियों के साथ मनाएगा। इसके बाद 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर अनुयायियों के साथ ही बागपत डेरे में मौजूदा रहेगा। हर साल गुरमीत सिंह के अनुयाई जेल में ही राखी और जन्मदिन के बधाई संदेश भेजते थे।गुरमीत सिंह को उसकी गोद ली हुई बेटी हनीप्रीत ही सुनारिया जेल में लेने पहुंची थी। कई गाड़ियों का काफिला था, लेकिन जेल परिसर की पार्किंग में केवल एक ही गाड़ी पहुंची।

जेल से गुरमीत सिंह अकेले ही बाहर आया और गाड़ी में सवार होकर उत्तरप्रदेश के लिए रवाना हो गया। पुलिस सुरक्षा में उसका काफिला निकाला गया। हाल ही में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) की याचिका का निपटारा करते हुए डेरा प्रमुख राम रहीम के पैरोल या फरलो मामले में स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य सरकार ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेने में सक्षम है।

## सीरिया में भूकंप के जोरदार झटके... 5.5 मापी गई तीव्रता, कई प्रांत हिले

**दमिश्क ।** सीरिया में सोमवार रात 11.30 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई। सीरियाई राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के अनुसार, मध्य हमा शहर से 28 किमी दूर पूर्व दिशा में भूकंप आया था, जिसकी गहराई 3.9 किमी रही। इस भूकंप से सीरिया के कई प्रांत हिल गए। भूकंप के बाद अधिकारियों ने इस घटना में घायल होने वाले लोगों और नुकसान की कोई रिपोर्ट जारी नहीं की है। ऐसे में फिलहाल यह जानकारी सामने नहीं आ सकी है कि इस भूकंप से कितना नुकसान पहुंचा है।

## भारत-बांग्लादेश के रिश्ते मजबूत, लेकिन... बीएनपी नेता ने दोनों देशों के रिश्तों पर कही बड़ी बात

**ढाका, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

बांग्लादेश से शेख हसीना सरकार के सत्ता से जाने और शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़कर भारत आने के बाद से दोनों देशों के रिश्तों के भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। अब बांग्लादेश की प्रमुख पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के शीर्ष नेता ने दोनों देशों के रिश्तों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते मजबूत होंगे। हालांकि उन्होंने कुछ मुद्दे भी गिनाए, जिन्हें सुलझाया जाना जरूरी है। बीएनपी के महासचिव मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने एक इंटरव्यू में भारत के साथ रिश्तों के सवाल पर कहा कि बेशक दोनों देशों के रिश्ते मजबूत होंगे क्योंकि हम (बीएनपी) बतौर राजनीतिक पार्टी भारत को अपना दोस्त और पड़ोसी मानते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों को सुलझाया जाए जिनमें जल बंटवारे का मुद्दा, सीमा पर बीएसएफ द्वारा बांग्लादेशी लोगों की हत्याएं, दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलन को दूर करने जैसे मुद्दे शामिल हैं।



हम भारत से अच्छे रिश्ते चाहते हैं। मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने बीएनपी नेतृत्व को लेकर कहा कि खालिदा जिया बीमार हैं। जिया पार्टी की अध्यक्ष हैं और वह बांग्लादेश की सबसे लोकप्रिय नेता हैं लेकिन वह बीमार हैं और अभी उन्हें इलाज की जरूरत है। अगर डॉक्टर इजाजत दे देंगे तो वे इलाज के लिए विदेश जाएंगी। अगर वह वापस आती हैं और यकीनन वे अगले चुनाव में बीएनपी का चेहरा होंगी लेकिन अगर वे वापस नहीं आती हैं तो अगर वह चुनाव लड़ने के लिए फिट नहीं हैं तो कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान उनकी जगह लेंगे।

# एकरूपता से जिले के सभी ब्लॉक में प्रक्रिया को कराएं पूर्ण :कलेक्टर



कोरबा। जिले में संचालित शालाओं को युक्तियुक्तकरण किए जाने के संबंध में कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता एवं समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी पी उपाध्याय, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शालाओं के युक्तियुक्तकरण में राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों का पूर्णतः पालन होना चाहिए। युक्तियुक्त करण हेतु जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित समय सीमा में निर्विवाद रूप से पूरी होनी चाहिए। इस हेतु विभागीय अधिकारी पूरी सावधानी से बिना किसी गलती के संभावना के युक्तियुक्त करण हेतु शाला एवं शिक्षकों की सूची तैयार करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रक्रिया को पूरा कराने हेतु जिले के सभी ब्लॉक में सिंगल क्राइटेरिया का पालन होना चाहिए। खण्ड स्तरीय समिति के काम करने का तरीके में किसी भी दशा में भिन्नता नहीं होनी चाहिए। किसी भी ब्लॉक से प्रक्रिया के सम्बंध में किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। कोई भी ऐसा काम नहीं होना चाहिए जिससे शिक्षकों को आपत्ति हो। सभी बीईओ शासन के जारी गाइड लाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रक्रिया के पूर्ण होने से शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी की समस्या लगभग खत्म हो जायेगी। बच्चों के अध्यापन हेतु सभी विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होंगे। जिससे बच्चों की पढ़ाई स्तर में सुधार होगा। इस हेतु अधिकारी इस कार्य को गम्भीरता से लेते हुए टाइम लिमिट में पूर्ण करें। जिले में 31 जुलाई 2024 तक शालाओं में दर्ज बच्चों की संख्या को आधार मानकर विद्यालयों की सूची तैयार करें, साथ ही जिले में अतिशेष शिक्षको की संख्या, शिक्षक विहीन शाला, एकल शिक्षक वाले विद्यालय की सूची भी समय सीमा में समिति को प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने खण्ड स्तरीय समिति में शामिल एसडीएम एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को शिक्षा विभाग को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री ने किया पौधारोपण



कोरबा । कोरबा जिले के ग्राम भुलसीडीह में निर्माणाधीन शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में वाणिज्य, उद्योग व्यापार एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी नागरिक, ग्रामीण, पेड़ अवश्य लगाएं। पेड़ लगाने के साथ ही उसके पुष्पित व पल्लवित होने तक उसकी देखभाल एवं सिंचाई की व्यवस्था जरूर करें।

श्री देवांगन ने फलदार पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मां अपने बच्चों को हमेशा प्यार करती है और बच्चों को भी दुनिया में सबसे प्यारी मां ही लगती है। मां के नाम से हम पेड़ लगाएंगे तो स्वभाविक रूप से पेड़ के प्रति हमारा गहरा लगाव रहेगा और हम पेड़ के बढ़ने तक उसकी देखरेख करेंगे। प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाकर प्रदेश भर में पेड़ लगाकर अभियान को सफल बनाने का आव्हान किया है।

इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने 325 करोड़ रूपए की लागत से निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, कॉन्फ्रेंस हॉल, गर्ल्स हॉस्टल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण निश्चित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि कोरबा जिले में केंद्र एवं राज्य शासन के सहयोग से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज बन जाने पर जिले के एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिसका लाभ आम जनता को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी, तहसीलदार श्री के. के. लहरे, मेडिकल कॉलेज के अधिकारी, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

# ओपन स्कूल अंतर्गत हाई एवं हायर सेकेण्डरी की परीक्षा तिथि निर्धारित

कोरबा । छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी मुख्य अवसर परीक्षा अगस्त 2024 की परीक्षा 10 अगस्त से 28 अगस्त 2024 तक प्रातः 08:30 बजे से 11:45 बजे तक निर्धारित की गई है। परीक्षा केंद्र में शांति पूर्वक परीक्षा संचालित करने, नकल की प्रवृत्ति को रोकने तथा प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघ्यि तथा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली श्री मनोज सराफ को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

# लंबित मानदेय का बनवारी लाल को पूर्व निर्धारित दर पर होगा भुगतान, डीएम ने दिए निर्देश



कोरबा । कलेक्टर जनचौपाल में अपने लंबित मानदेय भुगतान की शिकायत लेके आए पड़नियाँ निवासी बनवारी लाल मांझी के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द बनवारी लाल को निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाए। आवेदनकर्ता ने कलेक्टर को बताया कि वह 2021 से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पड़नियाँ में कलेक्टर दर पर सफाई कर्मचारी/भृत्य के रूप में कार्य कर रहा है। पिछले 5 माह से उसे मानदेय प्राप्त नही हुआ है। जिससे उसके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया कि उसे विद्यालय से नही निकाला जाए एवं लंबित मानदेय का पूर्व निर्धारित दर पर भुगतान किया जाए। कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारी को यथाशीघ्र लंबित मानदेय को पूर्व दर पर प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही उसे विद्यालय से कार्य से बाहर नही करने की बात कही एवं उसके द्वारा अब की जाने वाली कार्यो का मानदेय भुगतान वर्तमान में शासन द्वारा निर्धारित दर पर करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 20 कांशी नगर में किए जा रहे अतिक्रमण की समस्या से निदान हेतु आए नारायण महंत ने बताया कि वार्ड में सीसी रोड को काटकर गृह निर्माण हेतु कॉलम खड़ा किया जा रहा है। वार्डवासियों द्वारा संबंधित को समझाइश देने के बाद भी व्यक्ति द्वारा निर्माण बंद नहीं किया गया है। अतिक्रमण से वार्ड वासियों को भविष्य में बहुत अधिक परेशानी होगी।

कलेक्टर नेनगर निगम आयुक्त को तत्काल प्रकरण की जांच कर अतिक्रमण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु मौका जांच कर प्रकरण तैयार करने व राशि दिलाने के दिए निर्देश अत्याधिक बारिश से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन लेकर पहुँचे पंप हॉउस वार्ड क्रमांक 14 निवासी दिव्यांग बाबुल जैसवार ने बताया कि उसके द्वारा मकान में छोटा सा दुकान बनाकर अपना जीविकोपार्जन किया जाता था। अभी हुई भारी वर्षा के कारण मकान व दुकान दोनों ढह गया है, जिससे उनके परिवार के समक्ष रोजगार की गंभीर समस्या बन गई है। कलेक्टर ने एसडीओ राजस्व को मौका जांच कर प्रकरण तैयार करने एवं जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। पात्रतानुसार रवि कुमार को पट्टा दिलाने हेतु डीएफओ को किया निर्देशित वन अधिकार पट्टा प्रदान करने हेतु आवेदन लेकर पहुँचे डूमरडीह निवासी रवि कुमार ने बताया कि उनके पूर्वज गांव के वन भूमि पर पिछले कई वर्षो से काबिज है, जिसके वन अधिकार पट्टा हेतु उनके द्वारा पूर्व में भी आवेदन किया गया है, परन्तु अब तक उन्हें पट्टा प्राप्त नहीं हुआ है। कलेक्टर ने वनमंडलाधिकारी को प्रकरण की जांच कर शीघ्रता से निराकृत करने एवं पात्रतानुसार पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए।तहसीलदार करतला को मुआवजा हेतु पूर्ण जांच कर उचित कार्यवाही करने के दिए निर्देश कोटमेर निवासी घसिया राम, संतोष कुमार , पवन कुमार ने भारतमाला परियोजना के तहत अधिग्रहण किए गए निजी भूमि का मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आवेदकगण द्वारा कोटमेर स्थित भूमि 372/3 रकबा 12 एकड़ में निर्वाद रूप से कृषि किया जाता रहा है, वर्तमान में भूमि का कुछ भाग निर्माणाधीन उरगा पत्थलगांव रोड प्रोजेक्ट में प्रभावित हुआ है।

जिसका कृषकगण को सूचना नही दी गई है, विगत माह कम्पनी द्वारा उनके भूमि पर पेड़ो की कटाई एवं साफ सफाई की गई है , जिससे उन्हें जानकारी हुई है एवं अब तक उनका मुआवजा नही बना है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार करतला को आवेदन का पूर्ण जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।आज कलेक्टर जनचौपाल में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने दूरस्थ क्षेत्रों, वनांचलों से अपनी समस्याओं, शिकायत लेकर आने वाले लोगों की परेशानियों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में आर्थिक सहायता, नया राशन कार्ड बनाने, पेंशन, स्कूल फीस माफ करने, त्रुटि सुधार कराने, मुआवजा, अतिक्रमण हटाने सहित अन्य समस्याओं के कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, जिला खाद्य अधिकारी श्री घनश्याम सिंह कंवर, कृषि अधिकारी श्री देवेन्द्र कंवर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षकों और छात्रों की बढ़ी चिंता

कोरबा। सीबीएसई की 12वीं कक्षा की एनसीईआरटी से प्रकाशित अंग्रेजी की किताब इंग्लिश लैंग्वेज कोर कोर्स बुक में 14 के स्थान पर 13 पाठ (कविता) हैं। वहीं एससीईआरटी में पूरे 14 पाठ हैं। इस वजह से शिक्षकों और छात्रों की चिंता बढ़ गई है। बच्चों और अभिभावकों का कहना है कि इस पाठ से परीक्षा में सवाल आएंगे या नहीं। इस पाठ को पढ़ें या ना पढ़ें। इसे लेकर दुविधा की स्थिति बनी हुई है। एससीईआरटी की ओर से 12वीं कक्षा की किताब फ्लेमिंगो टेक्स्ट बुक इन इंग्लिश फॉर 12वीं कोर कोर्स (एससीईआरटी छत्तीसगढ़ फ्लेमिंगो 2019-20) पूरे 14 पाठ हैं। इसमें गद्य और पद्य निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार हैं। वहीं एनसीईआरटी रिवाइज्ड-2022 एडिशन टैक्स्ट बुक कोर कोर्स का प्रकाशन वर्ष 2022 में किया है। इसमें 10वें नंबर का पाठ एन एलिमेंट्री स्कूल क्लासरूम इन ए स्लम बाय स्टीफन स्पेंडर नहीं है। इस पाठ में कविता है। इसके नहीं होने से शिक्षकों और विद्यार्थियों की परेशान इस पाठ को पढने या पढ़ाने को लेकर बढ़ गई है। इससे आगे भी काफी दिक्कत होगी। शिक्षकों को भी पढ़ाने में परेशानी का करना पड़ रहा है। शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि बाजार में दो तरह की किताबें बिक रही हैं।



## वैद्यों ने कार्यशाला में बताए असाध्य रोगों के उपचार

कोरबा। हमारे भारत देश को आयुर्वेद का महासागर कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। प्राचीन संस्कृति इसी पर टिकी हुयी है। बड़े बड़े ऋषि मुनि इस देश की धरा को आयुर्वेद का महाज्ञान दे गये। यहां की नदियों, पहाड़ों ,वृक्षों आदि सबमें आयुर्वेद समाया है। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत शासन द्वारा 11 अगस्त को जिले कोरबा में परम्परा वैद्यों के ज्ञान के दस्तावेजीकरण की कार्यशाला आयोजित हुयी, जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से 31 वैद्यों ने भाग लिये। और अपने ज्ञान को शासन के सुपुर्द किये। अनेक वृक्षों के पत्ते, तने ,जड़ ,फल -फूल से बनने वाले औषधियों व असाध्य रोगों के उपचार बताये। कुछ ऐसे ईलाज जो कि मेडिकल साइंस में भी नहीं कर पा रही, इन परम्परागत वैद्यों ने संभव कर दिखाये हैं। कार्यक्रम का आयोजन भदरापारा बाल्को में आयुर्वेद विशेषज्ञ अर्जुन श्रीवास के बायो डायवर्सिटी पार्क में हुआ। जिसमें बिलासपुर से इको क्लब नेचर बॉडी के विद्यार्थी शामिल हुये। और उनमें पीएचडी कर रहे लेक्चरर भी शामिल हुये।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के मॉडल उत्तर हुए जारी

कोरबा । छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के मॉडल उत्तर जारी हो गए हैं। इस पर दावा/आपत्ति के लिए 16 अगस्त दोपहर 3 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। पहली से पांचवीं और छठवीं से आठवीं में अध्यापन की पात्रता के लिए यह परीक्षा 23 जून को दो पालियों में आयोजित की गई थी। इसके लिए प्रदेश के 33 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। मॉडल उत्तर जारी होने के बाद संभावना है कि इस महीने इसके नतीजे भी जारी हो जाएंगे। बार ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हालांकि परीक्षा में उपस्थिति कम रही। प्रदेश में अब तक आठ बार यह परीक्षा आयोजित की गई है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन



कोरबा । हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में देशभक्ति से प्रेरित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में कोरबा नगरीय क्षेत्र के घण्टाघर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए सीएसईबी चौक स्थित एसईसीएल फुटबॉल ग्राउंड में समाप्त हुई।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिक तथा स्कूली बच्चों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशप्रेम की भावना को बनाए रखा एवं आमजनों से अभियान में शामिल होकर देश के वीर जवानों अमर स्वतंत्रता सेनानियों के स्मरण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह गौरवान्वित करने वाला क्षण है। हम अपने तिरंगा का सम्मान करते हैं। यह हमारे देश की पहचान होने के साथ ही हम सभी भारतवासियों में देश प्रेम की भावना को विकसित करता है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हम सभी हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ें और देश के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों को सम्मान दें। उन्होंने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया।

कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश प्रेम की भावनाओं से जुड़ा है। देश की आजादी में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की स्मृति में यह अभियान चलाया जा रहा है। हम सभी को तिरंगे के मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर सदैव तिरंगे के मूल्यों के रास्ते में चलना चाहिए। उन्होंने अभियान अंतर्गत सभी नागरिकों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। जिससे आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में भी वृद्धि हो।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, आम नागरिकों, स्कूली बच्चों को हर घर तिरंगा फहराने, भारत के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करने तथा भारत के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। जहां कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन, कलेक्टर श्री वसंत, एसपी श्री तिवारी, निगमायुक्त श्रीमती ममगाई सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बोर्ड पर हस्ताक्षर कर आमजनो से अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया।

# डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा । जिले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्थापना दिवस 01 नवंबर के अवसर पर राज्य के सबसे उत्कृष्ट कृषक को डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2024 प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिसे कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पूर्ण रूप से भर कर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी अधिकतम दो पेज, उत्कृष्ट कार्यो की रंगीन छायाचित्र और वीडियो सीडी संलग्न करना होगा। आवेदनकर्ता को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना तथा विगत 10 वर्षों से कृषि कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में कर रहा होना अनिवार्य है। ऐसे कृषक ही आवेदन कर सकेंगे जिसकी कुल आमदनी में से 75 प्रतिशत् केवल कृषि से हो एवं किसी भी प्रकार का सिंचाई शुल्क/सहकारी बैंकों का कालातीत ऋण न हो।चयन व मूल्यांकन मापदंड के तहत फसल में विविधीकरण और उत्पादकता वृद्धि के लिये नवीन कृषि तकनीकी अपनाने का स्तर होना चाहिए। उन्नत कृषि तकनीकी के प्रचार-प्रसार व अन्य कृषकों द्वारा अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिये प्रयास किया गया हो। विगत तीन वर्षां में विभिन्न फसलों के उत्पादकता का स्तर कृषि व सहयोगी क्षेत्र में कृषक द्वारा किया गया हो।

## हर घर तिरंगा व नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली



कोरबा । स्वतंत्रता सप्ताह आजादी के महोत्सव ( 9 अगस्त से 15 अगस्त 2024) तक के दौरान हर घर तिरंगा व नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में आज तिरंगा एवं नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में जनपद सीईओ पोड़ी-उपरोड़ा श्री खगेश कुमार निर्मलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने रैली में भाग लेकर देश प्रेम एवं वीर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान प्रकट किया। साथ ही लोगां से हर घर तिरंगा फहराने की अपील की गई। रैली में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभाव की ग्रामीणों को जानकारी देकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

# बच्चों को मध्यान्ह भोजन से पहले मिलेगा नाश्ता



कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला जमनीपाली में पोषण आहार नाश्ता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक नाश्ता वितरण कर अपनी शुभकामनाएं दी एवं जिला प्रशासन को इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद व बधाई दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी पी उपाध्याय, अन्य जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने माता सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से डीएमएफ मद से कोरबा नगरीय क्षेत्र एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व पौष्टिक नाश्ता प्रदान किया जाएगा। बच्चों को स्कूल में अच्छा पौष्टिक नाश्ता मिलने पर बच्चे मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे एवं रुचि पूर्वक पढ़ाई करेंगे। इससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार होगा साथ ही विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। बच्चों की प्रतिक्रिया के आधार पर ही योजना को आगे चलकर पूरे जिले में प्रारम्भ किया जाएगा। श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में भी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में विकास हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। बच्चे देश के आने वाले कल है। बच्चों के शिक्षित होने से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। इस हेतु कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नही होना चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों से भी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई कराने का आग्रह किया।

इस दौरान मंत्री श्री देवांगन द्वारा बच्चों को नाश्ता का वितरण भी किया गया एवं उन्हें अच्छे से पढ़ने हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रदान की गई। कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा जिला श्रमिक एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। इस हेतु जिले के आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा एवं श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र नगरीय निकाय कोरबा के स्कूली बच्चों के पोषण स्तर में वृद्धि हेतु विद्यालयों में सबेरे नास्ता प्रदान करने योजना का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों को स्कूल में सुबह नाश्ता मिलने पर उनका शारीरिक विकास होगा एवं वे मानसिक रूप मजबूत बनेंगे। उन्होंने बताया कि नाश्ता का मेनू बच्चों की रुचि अनुसार बनाया गया है। जिसमे बच्चों की इच्छा अनुसार यथा समय परिवर्तन भी किया जा सकता है। विद्यालय में एक सकारात्मक माहौल तैयार होगा, बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा वे उत्साह से अध्ययन करेंगे। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को योजना का सुचारू रूप से संचालन करने एवं मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नियमित कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नगर पंचायत एवं पालिका क्षेत्रो में काम करने वाले 200 सौ से अधिक नियमित कर्मचारियो ने 6 सूत्रीय मांगो को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इस लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के 3 नगर पालिका 8 नगर पंचायत अंतर्गत काम करने वाले 200 सौ से भी अधिक नियमित कर्मचारियो ने सोमवार 12 अगस्त को अपनी 6 सूत्रीय मांगो को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इसके पूर्व भी करीब 15 दिन पहले कर्मचारियो आंदोलन कर सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया था। लेकिन उनकी मांगो पर ध्यान तक नही दिया गया। ऐसे में नगर पंचायत एवं पालिका के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियो ने अपनी 6 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा है। उनकी मांगो पर एक नजर डाली नगर पंचायत एवं पालिका क्षेत्र में काम करने वाले नियमित कर्मचारियो को प्रतिमाह 1 तारिख की स्थिती मे वेतनमान का भुगतान ट्रेजरी के

**कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से कामकाज प्रभावित**

जिले में 3 नगर पालिका 8 नगर पंचायत आते है। इन नगर पंचायत एवं पालिका के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग राशन कार्ड बनवाने, पेंशन, पीएम आवास, रोजगार दिलाने, पेयजल, मकान, महतारी वंदन योजना, भवन अनुज्ञा, दुकान का लाइसेंस, बनवाने, सर्वे सूची में नाम जुडवाने, मतदाता सूची में नाम जुडवाने सहित अन्य कामो को लेकर लोग बड़ी संख्या में कामकाज कराने के लिए पालिका पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों के नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है।

माध्यम से किया जाए। निकाय क्षेत्रो मे काम करने वाले कर्मचारियो के लिए ओल्ड पेंशन योजना लागू की जाए, निकाय क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी की यदि मुत्यु हो जाति है तो उनके परिवार के सदस्य को जल्द से जल्द संभाग स्तर पर अनुकंपा नियुक्ती प्रदान की जाए, विभाग में काम करने वाले कर्मचारियो के पदोन्नति के जल्द नया पद सृजन किया जाए। नगर पंचायत एवं पालिका क्षेत्र में ठेका सिस्टम को समाप्त किया जाए, निकाय क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियो को 6 वे एवं 7 वे वेतनमान के एरियर्स की राशि का भुगतान करने सहित अन्य विभिन्न मांगो को लेकर सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर मामलो के जल्द से जल्द निराकरण की मांग की गई है।

## 78वां स्वतंत्रता दिवस मनेगा धूमधाम से परंपरानुसार

**चांपा।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ नगर में धूमधाम से परंपरानुसार मनाई जाएगी। स्थानीय नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत गुरुवार 15 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 7.30 बजे सभी सरकारी कार्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। प्रातः 7.30 बजे गौरव पथ स्थित नगरपालिका कार्यालय भवन में नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 8 बजे गांधी सामुदायिक भवन में भी नगरपालिका अध्यक्ष तिरंगा फहराएंगे। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे हटरीबाजार स्थित गांधी चौक में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 9.15 बजे थाना चौक स्थित बापू बालोद्यान में नगर कांग्रेस कमेटी के - कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद प्रातः 10 बजे विवेकानंद उद्यान में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान तथा राष्ट्रगान होगा। इसके पश्चात प्रातः 10.30 बजे पुराना फिल्टर प्लांट में नगरपालिका उपाध्यक्ष हरदेव प्रसाद देवांगन द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। नगर के सभी सरकारी तथा निजी शैक्षणिक संस्थानों सहित औद्योगिक इकाई प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड में भी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आन-बान और शान के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा।

# जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक संपन्न

### 14 अगस्त को संविधान यात्रा व 16 अगस्त को गौ सत्याग्रह का होगा आयोजन

**जांजगीर चांपा।** विगत 11 अगस्त को राजा अग्रसेन मार्ग नैला स्थित अग्रसेन भवन में जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा की विस्तारित बैठक संपन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 11 अगस्त को प्रथम सांसद मिनिमाता जी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, 14 अगस्त को जिले के सभी वार्डों पर तिरंगा हाथों में लेकर संविधान यात्रा निकालने, 16 अगस्त को सभी संगठन ब्लॉक मुख्यालयों में एक दिवसीय गौ सत्याग्रह आयोजित करना एवं केरल में भूस्खलन प्रभावित लोगों के लिए रिलीफ फंड में प्रत्येक कांग्रेस जन को दान देने का निर्णय लिया गया। एजेंडे व कार्यवाही का वाचन कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार ने किया तथा कमेटी के सदस्यों सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों से संचालन व सुचारू क्रियान्वयन के लिए सुझाव भी लिए गए। बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों को विधायक जांजगीर चांपा श्री व्यास कश्यप, विधायक पामगढ़ श्रीमती शेशराज हरबंश, पूर्व जिलाध्यक्ष द्वय दिनेश शर्मा, मंजू सिंह, वरिष्ठ नेता पं.रघुराज प्रसाद पांडेय, गुलजार सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जांजगीर नैला नपाध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संगठन शिशिर द्विवेदी व आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह सिसोदिया ने किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव, टिंकू मेमन, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष देवकुमार पांडेय, जिला युकांध्यक्ष प्रिंस शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, देवेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष द्वय रामलाल यादव, किशन सोनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण संतोष शर्मा, शत्रुहन दास महंत, नवल सिंह ठाकुर, महेश्वर टंडन, रविन्द्र शर्मा, सुनील साधवानी, गोविन्द कश्यप, सदन यादव, जिला प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री गण डुग्गू प्रधान, मनोज तिवारी, घासीराम चौहान, अजीत सिंह राणा, गोविन्द केशरवानी, पि व विभाग जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर, अनुजा वर्ग विभाग जिलाध्यक्ष हरदेव टंडन, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष अब्बास खान, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भोजराम टंडन, इब्राहिम मेमन, पूर्व अध्यक्ष शाकमभरी बोर्ड राम कुमार पटेल, सुशांत कुमार सिंह, पंचराम यादव, जिला पंचायत सदस्य कुसुम कमल साव, नगर पंचायत अध्यक्ष द्वय भुनेश्वर केशरवानी नवागढ़, ललिता पाटले बलौदा, राजेश अग्रवाल, मुस्कान परवीन, रामराज्य पांडेय, भुनेश्वर साहू, श्याम साहू, संतोष साहू, अनिल मोदी, मनोहर प्रधान, प्रमोद पांडेय, दिनेश महंत, अविनाश साहू, अजीत बंजारे, भजन दास महंत, कल्याण बर्मन, भुनेश्वर साहू, श्याम साहू, परमेश्वर राठौर, अनिल राठौर, हेमलता राठौर, भगवंतीन यादव, दुलौरिन चौरसिया, रफीक खान, जे पी साहू, धनपत खरे, एकता रजनीकांत तिवारी, बसंत पवार, दिलदार खान, बहोरन गोंड, सफीक खान, सुखराम गढ़ेवाल, विष्णु यादव, केशव पाटले, भोलू यादव, वाजिद मोहम्मद, राजकुमार अनंत, हेमलाल, कृष्णा प्रजापति, नीलध्वज, संतोष बॉबई, राजू शर्मा, अनिल चौरसिया, राजा सिद्दीकी, महेश्वर लदेर, मोती पटेल, जीवन बंजारे, रंजन कुमार, ललिता सूर्यवंशी, शिवा साहू, शक्ति गढ़ेवाल, लव साहू, रवि कश्यप, अशोक सोनवानी, धनेश, रवीश नंद, रमेश प्रजापति, राजेश्वर, अनिल चौरसिया, कमलेश ताम्रकार सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदा।** थाना बलौदा पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन मेंअवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध करवाई किया गया जिसमें आरोपी के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 600/ रुपए को बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध विधिवत धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर दिनांक 11.06.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## तुर्रीधाम में हमर संगी सेवा समिति ने किया प्रसाद वितरण

**सक्ती।** सावन के चौथे सोमवार पर देवों को देव महादेव की पावन नगरी तुर्रीधाम में पहुंचे श्रद्धालुओं को हमर संगी सेवा समिति के द्वारा खीर-पूड़ी एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। सक्ति जिला के तुर्रीधाम में शिव मंदिर एक प्राचीन प्रसिद्ध मंदिर है, जहां मंदिर के अंदर भगवान भोलेनाथ जी के ऊपर हर मौसम में अनवरत पानी गिरते रहता है जिसको देखने के लिए दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। हर साल सावन के महीने में श्रद्धालुओं का भीड़ लगती है।

प्रसाद वितरण कार्यक्रम में हमर संगी सेवा समिति के सदस्य संजीव साहू, दुर्गेश साहू, रवि साहू, चंदू साहू, दिनेश साहू, यशवंत याद्व, अविनाश साहू, हेमंत साहू, सुरेश रजक, दिनेश साहू, रूणारायण साहू, चंद्र कुमार साहू, महेंद्र चंद्रा, मनंजय साहू, हिलेश्वर साहू, सत्येंद्र चौहान, सतीश कंवर, कांति साहू, गोविंद साहू, गौतम तिर्की, पवन हेमंत पटेल, डीपी चंद्रा, प्रदीप राठौर, छोटू नेताम, कैलाश पटेल आदि ने सहभागिता निभाई।

## चौथे सोमवार को युवाओं द्वारा खीर,पुड़ी का किया गया प्रसाद वितरण



**जांजगीर/खोखरा।** सावन मास के आज चौथे सोमवार को रामसागर (डोंगिया)तालाब स्थित शिव मंदिर परिसर में युवाओं द्वारा राहगीरों और ग्रामीणों खीर, पुड़ी और नारियल का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर निक्कु राठौर, पिंटू, अजय राठौर,करन कुमार, विकास बरेठ, सोनु कहरा,केशव कुमार,योगेश राठौर उपस्थित रहे।

## छात्रसंघ चुनाव में प्रीति बनी शाला नायक और लता उपशाला नायक

**चांपा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला में छात्र संघ का गठन किया गया। जिसमें शाला नायक प्रीति तांब्रे 12वी, उप शाला नायक लता साहू 11वीं, सांस्कृतिक सचिव रागिनी बरेठ 11वीं, विज्ञान सचिव विकास गबेल 12वीं, पर्यावरण सचिव मनीष बरेठ 12वीं, शाला अनुशासन सचिव अंकित साहू, रघुवीर सिंह कंवर 12वीं कक्षानायक कामेश कुमार कर्ष, 11वीं कक्षा नायक नम्रता बरेठ, 10वीं कक्षा नायक कुनाल साहू, 9वीं कक्षा नायक चांदनी तांब्रे, छात्रा प्रतिनिधि वदिता बैरागी, खुशी मन्नेवार, चंदेशवरी वैष्णव, साक्षी मन्नेवार, दीप्ति टंडन का चयन किया गया। इसी तरह विद्यालय में क्रक्षावार चार सदनों में बांटकर चारो सदनों में शिक्षक व छात्र-छात्राओं को

प्रभारी बनाया गया है जिसमें क्रमशः जिसमे अम्बेडकर सदन प्रभारी शिक्षक एमआर राज, एल एन सोनकर तथा फूले सदन प्रभारी शिक्षक एएल डहरिया, पीएस कंवर, रानी लक्ष्मीबाई सदन प्रभारी शिक्षक अनिता साहू, एम अवस्थी तथा स्वामी विवेकानंद सदन प्रभारी शिक्षक आरके राठौर व संजय कर्ष को बनाया गया। इसी कड़ी में सामान्य ज्ञान, समाचार सार, विचार, विज्ञान लेख प्रभारी तथा योग व्यायाम प्रभारी एसके कालेलकर, एलएन सोनकर, डीएल कंवर को बनाया गया। चयनित छात्र-छात्राओं को अपने दायित्वों के सही निर्वहन के लिए. संस्था प्राचार्य बीएल चौधरी के द्वारा शपथ दिलाई गई। सभी छात्र संघ पदाधिकारी को तथा शालेय शिक्षक स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं दी गई।

# खड़ी ट्रेलर से डीजल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** ट्रेलर से डीजल चोरी करने वाला फरार आरोपी को सारागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नरेश कुमार भारती निवासी बुडग़हन थाना बलौदा जो घटना घटित कर फरार था जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी। मुखबिर सूचना पर आरोपी को उसके घर से घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। पुलिस के अनुसार 24 जून की रात्रि करीबन 7 बजे ट्रेलर का चालक राजा सिंह, पप्पू पासवान एवं मुन्ना कुमार तीनों रायगढ़ से चिरमिरी लोडिंग करने निकले थे। रात्रि करीबन 10 बजे सारागांव लाला ढाबा के पास तीनो अपने-अपने वाहन को ढाबा के सामने मेन रोड के पास खड़ी कर तीनों ड्रायवर अपने अपने वाहनों के केबिन में सो गए थे। सुबह 6 बजे चिरमिरी जाने के लिए गाड़ी स्टार्ट किए तो गाड़ी में डीजल बहुत कम था। टंकी को देखे तो तीनों वाहनों का डीजल टंकी का ढक्कन टूटा था। तीनों वाहन से लगभग 200-200 लीटर कुल 600 लीटर कीमती 58000 रुपए नहीं था। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गए थे। प्रार्थी रोहित पाल निवासी बाघरा तिवारी थाना विंध्यांचल जिला मिरजापुर यूपी अटल कॉलोनी थाना कोतरा रोड जिला रायगढ़ के रिपोर्ट पर थाना सारागांव में धारा ×79, ×4 कायम कर विवेचना में लिया गया। सारागांव पुलिस ने पहले आरोपी कुलदीप कुमार साण्डे उर्फ भोलू निवासी खम्हरिया थाना हरदी बाजार दूसरा सद्दाम हुसैन निवासी बुडग़हन थाना बलौदा तीसरा संतोष कुमार कुर्रे निवासी बुडग़हन थाना बलौदा चौथा विनोद कुमार बनर्जी बुडग़हन थाना बलौदा एवं पांचवां 5 अमित कुमार भारद्वाज को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

## बदला मौसम, गर्मी और उमस ने बढ़ाई बेचैनी

**बिलासपुर।** सावन में पहली बार गर्मी का एहसास हुआ। सोमवार को धूप निकलने के बाद अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे लोग गर्मी और उमस से हलकान होते रहे। मौसम विभाग ने इस बदलाव का संकेत पहले ही दे दिए थे। हालांकि, एक-दो दिन बाद बारिश लौटने की संभावना है। दरअसल, जिले में लगातार बारिश का दौर पिछले तीन दिनों से थम गया है। रविवार को भी धूप के साथ बदली छाई रही। हालांकि, शाम को हुई बारिश से राहत मिली। लेकिन, इससे उमस बढ़ गई। सोमवार को गर्मी का एहसास हुआ।

## नाबालिग बालिका को अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी पकड़ाया

**जांजगीर।** पीड़िता दिनांक 19.07.2024 को सुबह घर से निकली थी जो शाम तक घर वापस नही आये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण में अपराध क्रमांक 308/ 24 धारा 137(2), बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी एवम अपहृता की पतासाजी हेतु विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया। इसी क्रम में शिवरीनारायण पुलिस द्वारा अति पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवम SDOP चांपाश्री यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी एवं अपहृत बालिका की पतासाजी की जा रही थी। दौरान विवेचना अपहृता बालिका को गवाहों के समक्ष बरामद किया जाकर महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया। विवेचना दौरान प्रकरण में धारा 87,64 बीएनएस 04,06 पाक्सो एक्ट जोडी गई है।

प्रकरण के आरोपी राज वैष्णव निवासी गंगाजल को घटना के संबंध में पुछताछ किया गया जिसके द्वारा घटना घटित एवं जुर्म करना स्वीकार किए जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 10.08.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी. सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सउनि नीलमणी कुसुम प्रमोद महार, आरक्षक श्रीकांत सिंह, विवेक सिंह थाना शिवरीनारायण का सराहनीय योगदान रहा।

## मलेरिया का कहर: करही कछार में एक और बच्चे की मौत, अब तक 5 की गई जान

**बिलासपुर।** कोटा के ग्राम करही कछार में मलेरिया से पीड़ित एक बच्चे की मौत हो गई है। 9 वर्षीय बालक विकास बसोड़ कक्षा तीसरी का छात्र था। शनिवार को तेज बुखार होने पर मां दुर्गा व पिता कमलेश बसोड़ विकास को लेकर बेलगहना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। मलेरिया के लगातार आ रहे मामले को देखते हुए डॉक्टर ने खून की जांच करने की सलाह दी। माता दुर्गा खून जांच की पर्ची लेकर लैब पहुंचीं तो लैब टेक्नीशियन ने लैब बंद करने का समय हो गया है कहकर खून की जांच करने से इनकार कर दिया। इसके बाद विकास के माता-पिता उसे घर ले आए। रविवार की रात बच्चे की मौत हो गई।



कोटा इलाके में मलेरिया से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 178 मरीज मलेरिया पीड़ित मिल चुके हैं। इसके अलावा डायरिया का प्रकोप भी जारी है। अब तक डायरिया के 968 मरीज मिल चुके हैं। बता दें कि इससे पहले 18 जुलाई को मलेरिया से टेंगनमाड़ा के पास ग्राम करवा में दो सगे भाइयों की मौत हो गई थी।

वहीं 20 जुलाई को सिलपहरी के आश्रित गांव कालीमाटी में मलेरिया से ही अजय व संजय की मौत हो चुकी है। दोनों बच्चे आदिवासी समुदाय से थे। मलेरिया के अलावा डायरिया से 5 लोगों की मौत हो चुकी है।

# ट्रक में 40 मवेशियों को भरकर की जा रही थी तस्करी

**शिवरीनारायण।** नगर में गौ तस्करी का मामला सामने आया है। रविवार देर रात शिवरीनारायण नगर में लोगों ने एक ट्रक को पकड़ा। इस ट्रक में मवेशियों को भरकर ओडिसा ले जाया जा रहा था। ट्रक को रोककर युवकों ने जांच की तो सच्चाई सामने आई। इससे लोग गुस्से में आ गए और ड्राइवर व हेल्पर की पिटाई कर दी।

रविवार रात लगभग 2 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएल 9934 में मवेशियों को भरकर ओडिसा ले जाया जा रहा था। इसी बीच लोगों ने ट्रक को शिवरीनारायण के नटराज चौक के पास गौ तस्करी करते पकड़ लिया। लोगों ने गुस्से में आकर ड्राइवर व हेल्पर की पिटाई कर दी। लोगों ने बताया मवेशियों को धरदेई से ट्रक में भरकर तस्करी की जा रही थी। सूचना पर शिवरीनारायण थाना प्रभारी सागर पाठक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद ड्राइवर व हेल्पर को थाने लाया गया।

मवेशियों को दुरपा के गोठान में और ट्रक को जब्त कर थाने में रखा गया है। थाना प्रभारी सागर पाठक ने बताया कि आरोपित उमेश दावड़े पिता चैतराम दावड़े खमतराई रायपुर व शेष कुमार सतनामी पिता सुंदर लाल मोतिमपुर जरहागांव मुंगेली का रहने वाला है। दोनों आरोपितों के विरूद्ध पुलिस ने गौ तस्करी का मामला दर्ज किया है। शिवरीनारायण पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**ट्रक में मिले 17 गाय, 9 बछड़े व 14 बैल**

शिवरीनारायण के नटराज चौक के पास आरोपितों को ट्रक में गौ तस्करी करते पकड़ा गया। ट्रक में 40 मवेशियों को बिना चारा पानी के ठूस ठूस कर भरा गया था। पुलिस ने ट्रक से मवेशियों को बाहर निकाल कर जांच की। ट्रक से 17 गाय, 9 बछड़े व 14 बैल जब्त किए गए। मवेशियों को दुरपा के गौठान में सुरक्षित रखा गया है।

क्षेत्र में गौ तस्करी ग्राम धरदेई से होती है। इससे पहले भी 25 अप्रैल 2023 को धरदेई में एक कंटेनर को गांव के लोगों ने पकड़ा गया था। कंटेनर से 45 मवेशी पकड़े गए थे। मवेशियों को हैदराबाद ले जाया जा रहा था। रविवार रात शिवरीनारायण में गौ तस्करी करते एक ट्रक पकड़ा गया। युवकों के अनुसार इस बार भी मवेशियों को धरदेई से ही ट्रक में भरा गया था। ग्राम धरदेई से लगातार गौ तस्करी हो रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया डभरा थाना का निरीक्षण

**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा थाना डभरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना डभरा के पुलिस स्टाफ साफ सुथरी वर्दी में उपस्थित मिले तथा थाना भवन एवं थाना कैंपस का निरीक्षण के दौरान साफ सफाई अच्छा रहना मिला। संधारित्र रिकॉर्ड एवं रजिस्टर ग्राम अपराध पुस्तिका ग्राम कोटमी, कोमो, कंवलाझर, भेडीकोना, तेंदुमुडी का अवलोकन करने पर सही पाया गया तथा शिकायत रजिस्टर, मुलाहिजा रजिस्टर तथा अन्य रजिस्टरों को चेक कर एवं लंबित अपराध चालान की समीक्षा कर लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया गया।

## आओ स्वतंत्रता दिवस मनाएं।।

अमन चैन सुख शांति का पुनः दीप जलाएं,
राष्ट्रध्वज हो सर्वोपरी मन में विचार लाएं।
शौर्य, साहस, और वीरता की गाथा हम गाएं,
संप्रभुता पंथ निरपेक्षता व राष्ट्र धर्म निभाएं।
जज्बातों से दूर रहें ,ज्ञान- विज्ञान की जोत जलाएं,
कला संस्कृति साहित्य का पैमाना हम बढ़ाएं।
लोकतंत्रात्मक देश में सबको न्याय मिल पाए,
ध्यान रहे राष्ट्र की एकता खण्डित ना होने पाए।
समानता बंधुत्व भाईचारा का संकल्प दोहराएं,
शिक्षा व्यापार और उद्योगों में नूतन प्रगति लाएं।
अर्थ व्यवस्था हो मजबूत परिश्रम का फल पाएं,
विचार अभिव्यक्ति धर्म ,कर्म का अधिकार पाएं।
एक दूसरे का सम्मान करें, विश्व गुरु कहलाएं।
मिले सभी को समान अवसर हक छिनने ना पाएं, अंतर्मन में ना हो राग द्वेष, शांति प्रिय देश बनाएं।
हों संकल्पित विचार, आओ स्वतंत्रता दिवस मनाएं।



मदन मंडावी
द्वारा (डोंगरगढ़)
मो. 7693917210

## 9 साल के बच्चे की मौत,अस्पताल में शव रखकर हंगामा

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में इलाज नहीं मिलने के कारण 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। नाराज परिजन और कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल में शव रखकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने कहा कि प्रिस्क्रिप्शन लेकर लैब टेक्नीशियन के पास गए थे, लेकिन उसने प्रिस्क्रिप्शन को फेंक दिया। बच्चे का इलाज नहीं हो सका और उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में शव रखकर कांग्रेस नेता के साथ जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों और परिजनों के बढ़ते गुस्से के बीच टाइम नहीं है कहकर प्रिस्क्रिप्शन फेंकने वाले लैब टेक्नीशियन को हटा दिया गया, जिसके बाद परिजन शांत हुए।

**डॉक्टर ने खून जांच कराने की सलाह दी**

दरअसल, बेलगहना क्षेत्र के करही कछार में रहने वाले कमलेश बसोर और दुर्गा बसोर के 9 साल के बेटे विकास की तबीयत कुछ दिनों से खराब थी। उसे तेज बुखार आ रहा था। शनिवार को उसे लेकर बेलगहना के उप स्वास्थ्य केंद्र गए थे। जांच के बाद डॉक्टर ने मलेरिया की आशंका से खून जांच कराने की सलाह दी।

बच्चे के पिता कमलेश बसोर ने बताया कि वह पर्ची लेकर लैब टेक्नीशियन के पास गए, लेकिन टेक्नीशियन ने टाइम नहीं है कह कर सैंपल नहीं लिया और खून की जांच नहीं की, जिसके चलते बच्चे का इलाज नहीं हो सका। परिजन उसे लेकर घर चले गए।

बच्चे के पिता ने बताया कि टेक्नीशियन की हरकतों से परेशान होकर बच्चे को घर में रखे रहे और घरेलू इलाज कराते रहे। इस दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत से नाराज लोग शव लेकर बेलगहना उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

इसकी जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता और पूर्व जनपद अध्यक्ष संदीप शुक्ला भी अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने शव रखकर प्रदर्शन किया और जमकर हंगामा मचाया। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले लैब टेक्नीशियन को अस्पताल से हटाने के साथ ही डॉक्टर की व्यवस्था करने की मांग की।

## श्रीमती वेदकुमारी मिश्रा दिवंगत

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा ब्लॉक के ग्राम धनपुर चंगोरी की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती वेदकुमारी मिश्रा (अमोरहीन) का 54 वर्ष की उम्र में सोमवार 12 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे पंकज मिश्रा की पत्नी, सोमू और नेहा की मां तथा रोशन पांडेय की सास व अभिषेक मिश्रा की चाची थीं।

## श्रीमती राजमती यादव का निधन

**तनौद।** ग्राम पंचायत खोरसी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं शिक्षक गौरीशंकर यादव एवं रविशंकर यादव की माता श्रीमती राजमती यादव का 77 वर्ष की आयु में 11 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार चित्रोत्पला गंगा महानदी के पास स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र गौरीशंकर यादव ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं के अलावा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**न्यायालय नजूल अधिकारी मनेन्द्रगढ़**
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर(छ.ग.)
(मोहनलाल वैश्य व अन्य 03 प्रति छ.ग.शासन)
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्रमांक/ /अ-20(1)/2023-24

नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल वैश्य आ. स्व. ज्ञानचन्द्र, सन्नी वैश्य, सुमित वैश्य, मोनिका पंथ तीनों आ. मोहनलाल वैश्य, निवासी लहंगीर मोहल्ला मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर मुख्य रूप बताया कि नजूल प्लाट नं. 212 रकबा 1248 वर्गफुट एवं नजूल प्लाट नं. 213/2 रकबा 645.5 वर्गफीट भूमि के संयुक्त खाते में नजूल अभिलेखों में दर्जशुदा स्वामी एवं कब्जेदार है। आवेदकगण का उपरोक्त फौती नामांतरण में प्राप्त हुआ है और वर्तमान में आवेदकगण के संयुक्त कब्जे में है। आवेदकगण का उपरोक्त प्लाट शासन से लीज में प्राप्त है जिसकी लीज अवधि समाप्त हो गई है। जिसे आवेदक अगली लीज अवधि तक के लिए नवीनीकृत कराना चाहता है। ऐसा आवेदन प्रस्तुत कर नजूल प्लाट नं. 212 रकबा 1248 वर्गफुट एवं नजूल प्लाट नं. 213/2 रकबा 645.5 वर्गफीट भूमि का अगली लीज अवधि तक के लिए नवीनीकरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त नवीनीकरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना है तो दिनांक 22.08.2024 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
मनेन्द्रगढ़ (एम.सी.बी.) छ.ग.

**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी**
न्यू ईरा प्रोग्रसिव स्कूल के पास रामपुर, कोरबा (छ.ग.)
Email id-korbarto@gmail.com Phone no 07759-226640
क्रमांक/444/जि.पं.अ./24 कोरबा दिनांक 08.08.2024
// प्रेस विज्ञप्ति//

वाहन क्रमांक CG12AT4326 (HGV) के पंजीकृत वाहन स्वामी RAJENDRA YADAV S/o KAILASH YADAV H.No.881/4 WARD NO.18 PATTHARI PARA KORBA DIST-KORBA C.G.) है। उक्त वाहन को वित पोषक DAIMLER FINANCIAL SERVICEv INDIA PVT कोरबा द्वारा दिनांक 10.07.2024 को कार्यालय के समक्ष मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अंतर्गत वाहन को अपने कब्जे में लेकर अपने नाम अंतरण दर्ज करने हेतु फार्म 36 में इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त वाहन को वित्त पोषक के नाम में अंतरण करने के संबंध में पंजीकृत वाहन स्वामी को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 381/ज़ि.पं.अ./2024 दिनांक 24.07.2024 को फार्म 37 में डाक के माध्यम से सूचना जारी की गई, जिसकी पावती संलग्न है जो मूलतः वापस आ गया है। वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी हितबद्ध पक्षकार को दावा-आपत्ति करनी हो तो दिनांक 17.08.2024 तक कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी कोरबा में कर सकते हैं। दावा-आपत्ति नहीं आने की स्थिति में एकपक्षीय अंतरण की कार्यवाही की जायेगी।

सील
जिला परिवहन अधिकारी
कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी**
न्यू ईरा प्रोग्रसिव स्कूल के पास रामपुर, कोरबा (छ.ग.)
Email id-korbarto@gmail.com Phone no 07759-226640
क्रमांक/445/जि.पं.अ./24 कोरबा दिनांक 08.08.2024
// प्रेस विज्ञप्ति//

वाहन क्रमांक CG12AY3719 (HGV) के पंजीकृत वाहन स्वामी मेसर्स SHIVA BUILDER ADD-DS-33 GURAD NAGAR JILA KORBA DIST-KORBA C.G.) के नाम पर दिनांक 12.04.2019 को पंजीबद्ध किया गया है। उक्त वाहन को वित्त पोषक TATA MOTORS FINANCE LIMIED कोरबा द्वारा दिनांक 10.07.2024 को कार्यालय के समक्ष मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अंतर्गत वाहन को अपने कब्जे में लेकर अपने नाम अंतरण दर्ज करने हेतु फार्म 36 में इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त वाहन को वित्त पोषक के नाम में अंतरण करने के संबंध में पंजीकृत वाहन स्वामी को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 377/ज़ि.पं.अ./2024 दिनांक 23.07.2024 को फार्म 37 में डाक के माध्यम से सूचना जारी की गई,जो मूलतःवापस आ गया। वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी हितबद्ध पक्षकार को दावा-आपत्ति करनी हो तो दिनांक 22.08.2024 तक कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी कोरबा में कर सकते हैं। दावा-आपत्ति नहीं आने की स्थिति में एकपक्षीय अंतरण की कार्यवाही की जायेगी।

सील
जिला परिवहन अधिकारी
कोरबा (छ.ग.)

## सक्ती में नए जिला पंचायत का होगा गठन

**जांजगीर- चांपा।** नवगठित जिलों में जिला पंचायत का गठन किया जाएगा। इसके लिए राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया है। साथ ही संबंधित कार्यालयों में भी इसे नजरी नक्शा के साथ प्रकाशित करने को कहा गया है। इस संबंध में 10 दिन के भीतर संयुक्त सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के समक्ष आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पर विचार किया जाएगा।

सक्ती के नया जिला बनने के बाद यहां जिला पंचायतों का गठन होगा। इसके लिए अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले की जिला पंचायत का पुनर्गठन किया जाना है। इसके लिए राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। स्थानीय जिला पंचायतों में भी नजरी नक्शा के साथ इसे प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है और 10 दिन के भीतर सुझाव या आपित्त मांगी गई है। सक्ती जिले के सक्ती, मालखरौदा, जैजैपुर, अड़भार, बाराद्वार, डभरा, तहसील को मिलाकर नया जिला पंचायत गठन किया जाना है।

ज्ञात हो कि दिसंबर -जनवरी के आसपास पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव एक साथ कराने सरकार विचार कर रही है। इसके कारण नवगठित जिलों में नया जिला पंचायत का गठन होना है । इसके लिए उनके मूल जिले की जिला पंचायत का पुनर्गठन किया जाना है। अर्थात जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले के लिए अलग-अलग जिला पंचायत गठित होगी।

सक्ती, गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़- बिलाईगढ़ , खैरागढ़, छुईखदान गंडई, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी और मनेंद्र गढ़ चिरमिरी भरतपुर में नया जिला पंचायत का गठन किया जाएगा।

## अनमोल वचन......

आत्मविश्वास के साथ चला गया हर एक कदम जन-हितकारी होता है।

## इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्जिंग की सुविधा

इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्जिंग की सुविधा देने के लिए नेशनल हाई-वे पर भी बड़ी संख्या में चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं, ताकि अंतर शहरी इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो और लोग निश्चिंत होकर लंबी दूरी की यात्राएं कर सकें। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार भारी उद्योग मंत्रालय ने पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत तीन तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से कुल 7432 ईवी चार्जिंग स्टेशनों में से 5833 को हाई-वे के किनारे लगाने का लक्ष्य रखा है। 5293 स्टेशन तैयार भी बताए जा रहे हैं। तेल विपणन कंपनियों को इन चार्जिंग स्टेशनों के लिए आठ सौ करोड़ की पूंजी भी सब्सिडी भी दी गई है। इनमें पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत 178 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए 4729 ईवी चार्जिंग स्टेशन भी शामिल हैं।

टाटा की चार बड़े ऑपरेटरों द्वारा दो साल के भीतर ही दस हजार नये स्टेशन स्थापित करने की भी योजना पर काम जारी है। हालांकि टेस्ला दुनिया की सबसे बड़ी फास्ट चार्जिंग नेटवर्क की मालिक है। जो अपने ई-वाहनों को तयशुदा वक्त तक मुफ्त चार्ज करने की सुविधा प्रदान करती है। इस तरह की आकषर्क योजनाओं द्वारा खरीदारों को इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के प्रति प्रोत्साहित किया जा सकता है। चूंकि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसको देखते हुए सरकार वितरण, पारेषण व इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास व रख-रखाव को लेकर गंभीर है। इसीलिए केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी व छूट दी जा रही है। हैरत है कि कुछ राज्य सरकारें कई जगह चार्जिंग स्टेशनों पर 18 फीसद जीएसटी लगा रही हैं, जिससे वाहन चालकों पर यह बोझ बढ़ सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों को काफी किफायती माना जा रहा है। ये पर्यावरण के अनुकूल तो हैं ही। इनका रख-रखाव करने में भी विशेष दिक्कत नहीं आती। अब तक ई-वी की चार्जिंग को लेकर संशय बना रहता था। जो इस सुविधा से काफी हद तक संतुष्ट हो सकते हैं। हालांकि ई-वी के प्रयोग के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के प्रति सरकारी स्तर पर गंभीर व दूरदर्शितापूर्ण कदम उठाये जाने की जरूरत है। बात केवल चार्जिंग स्टेशनों तक ही सीमित नहीं है। इसे संपूर्णता में देखना होगा और ई-वी की तरफ लोगों को प्रोत्साहित करने वाली केंद्र की योजनाओं को बेहतर रूप में लागू करने के प्रति प्रातिबद्ध होना होगा।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर आप भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी। आप पर ईश्वर की असीम अनुकंपा बनी रहेगी।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं।आप अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन सामान्य रहेगा, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज को आप अपने समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपका मन संतोष रहेगा। बहुत दिनों से आप अपने काम को लेकर परेशान थे, यदि आप सामाजिक या राजनीति क्षेत्रों कोई काम करते हैं, तो आपको मान सम्मान व प्रतिष्ठा प्राप्त हो सकती है। आपको किसी प्रकार की कोई बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है, जिसमें आपका आत्मविश्वास बहुत बढ़ेगा।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों के लिस्ट बनाएं कि किस समान की अधिक आवश्यकता है, केवल उसी समान को अधिक खरीदे।आपके घर के खर्च आपके लिए बहुत बड़ी परेशानी बन सकते हैं। नौकरी करने वाले लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपने संतान की सेहत को लेकर लापरवाही ना बरते अन्यथा आपको बाद में पछताना हो सकता है। यदि आप किसी प्रकार का कोई मकान, दुकान इत्यादि खरीदना चाहते हैं, तो आज के लिए दिन शुभ रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की वृद्धि होगी। कारोबार में आज आपकी सेल में बढ़ोतरी होगी जिससे इनकम अच्छी खासी होगी।

तुला राशि-आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा।आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके संबंध बेहतर रहेंगे इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परिक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी ख़ुशी होगी।काम के दबाव से निकल कर आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नवीन स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोड़ा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। कोई प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज कोई काम आपको सोंच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में संतोष की वृद्धि होगी। यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो यात्रा सफल रहेगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है। ऑफिस में अपना रिकॉर्ड अच्छा बनाये रखें।

मीन राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों पर चुप क्यों है भारत का विपक्ष

//योगेंद्र योगी//

**बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर भारत के विपक्षी दलों की खामोशी बताती है कि वोट बैंक की राजनीति किस हद तक हावी है। यदि ऐसे ही हमले भारत या किसी पड़ौसी देश में मुसलमानों पर हुए होते तो विपक्षी दल आसमान सिर पर उठा लेते। इजराइल के हमास आतंकियों के खिलाफ हमले में मारे गए मुसलमानों के मामले में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के दिए गए बयान इसका प्रमाण हैं।**

उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवडियों के रास्तें में दुकानदारों से नामों के खुलासो के निर्देश पर विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को खतरे में बताया था। विपक्षी दलों का कहना था कि इससे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। इधर जब मुसलमान बांग्लादेश में हिन्दुओं के घर-मंदिर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान जला रहे हैं, तब विपक्षी दलों को खास चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की हार के एक प्रमुख वजह यही दोमुंही नीति भी रही है।

बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां के करीब 27 राज्यों में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम कट्टरपंथियों की भीड़ ने करीब 27 जिलों में हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोडफ़ोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोडऩे के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल,फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथिओं का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे हैं। उग्र भीड़ ने पंचगढ़ जिले में 22, झीनैदाह में 20 घरों और जैसोर में 22 दुकानों को निशाना बनाया। कट्टरपंथियों ने ढाका में हिंदू म्यूजिशियन राहुल आनंद के घर में न सिर्फ लूटपाट की बल्कि वहां आग भी लगा दी। राहुल आनंद, उनकी पत्नी और उनका बेटा वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे, लेकिन हमलावरों ने उसके घर नें जमकर लूटपाट की। भीड़ उनके घर से महंगी चीजें चुरा कर ले गई, जिसमें राहुल का 3,000 से ज्यादा हस्तनिर्मित संगीत वाद्ययंत्रों का बड़ा कलेक्शन भी शामिल था। खुलना डिविजन स्थिति मेहेरपुर में करीब 4 हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। एक इस्कॉन केंद्र जला दिया गया, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी की मूर्तियां शामिल हैं। राजधानी ढाका में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में भीड़ ने धावा बोल दिया और वहां पर जमकर तोडफ़ोड़ की। इस सांस्कृतिक केंद्र को मार्च 2010 में खोला गया था। यहां पर सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन के जरिए योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय गायन जैसे भारतीय नृत्यों के जरिए भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दिया जाता है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत हर स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति चिंताजनक है। भारत सरकार वहां के मौजूदा तंत्र के साथ संपर्क में है।

हिन्दुओं पर इतना अत्याचार होने के बावजूद उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाना तो दूर इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों ने इसकी तीखी आलोचना तक नहीं की। इस आलोचना में भी विपक्षी दलों को मुस्लिम वोट बैंक खतरे में नजर आता है। साफ जाहिर है कटु आलोचना करने का मतलब है कट्टरपंथी मुसलमानों की आलोचना करना। विपक्षी दलों के लिए ऐसा करना आसान नहीं है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को अनिवार्य रूप से नेमप्लेट लगाने के फैसले पर विपक्षी दलों ने जमकर हायतौबा मचाई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि जैसे दिया बुझने से पहले फडफ़ड़ाता है, ये सांप्रदायिक राजनीति का दिया फडफ़ड़ा रहा है इसलिए ऐसे फैसले ले रहे हैं। जेडीयू का कहना था कि धर्म और जाति के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि क्या हिंदुओं का बेचा गया मीट, दाल-चावल बन जाएगा। ठीक वैसे ही कोई अल्ताफ या रशीद आम-अमरूद बेच रहा है, वो गोश्त तो नहीं बन जाएगा। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा था कि पश्चिमी उप्र व मुजफ्फरनगर जिला के कांवड़ यात्रा मार्ग में पडऩे वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश एक गलत परम्परा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। मुसलमानों के हर मुद्दे पर संविधान की दुहाई देने वाले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे घोर अत्याचारों पर लचर बयान देकर इतिश्री कर ली। इसके विपरीत ओवैसी ने कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस की कटु आलोचना की थी। ओवैसी ने इसकी तुलना दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद और जर्मनी में हिटलर के तानाशाही फैसले से करते हुए कहा कि इसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद कहा जाता था और हिटलर की जर्मनी में इसका नाम जूडेनबॉयकॉट था। हिन्दुओं के हितों के मुद्दों पर विपक्षी दलों का रवैया पूर्व में भी ऐसा ही रहा है। कनाडा में एडमोंटन शहर में स्थित बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर में तोडफ़ोड़ की गई और दीवार पर पेंट कर दिया गया। कनाडा में पहले भी हुए मंदिरों पर हमले होते रहे हैं। खालिस्तान समर्थक यहां अक्सर हिंदू मंदिरों को निशाना बनाते हैं। अगस्त 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था और खालिस्तानी जनमत संग्रह का पोस्टर लगा दिया गया था। इसके अलावा भी ब्रिटेन, अमरीका सहित कई देशों में हिन्दुओं और उनके धार्मिक-व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर हमले होते रहे हैं। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने हिन्दु विरोधियों को कभी निशाने पर नहीं लिया। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी नेताओं के बयान तक नजर नहीं आते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमरीका यात्रा के दौरान भाजपा के कारण भारत के संविधान को खतरे में बताया था।

वही राहुल गांधी बांग्लादेश में हिंदुओं के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। खास बात यह है कि बांग्लादेश में यह हालत तब है जबकि भारत ने कदम-कदम पर उसका साथ दिया है। भारत ने न सिर्फ पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों का शिकार बांग्लादेशियों को आजादी दिलाई बल्कि बांग्लादेश को पैरों पर खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बांग्लादेश भारत की बिजली और अन्य मदद पर निर्भर है। भारत का बांग्लादेश में अरबों का निवेश है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2022-23 के बीच दोनों देशों के बीच का कुल व्यापार 15.93 बिलियन अमेरिकी डालर रहा है। ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देश कई प्रोजेक्ट्स पर संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। बांग्लादेश वर्तमान में 1160 मेगावाट बिजली भारत से आयात कर रहा है। दोनों देशों के बीच भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन बेहद अहम है। भारत ने पिछले एक दशक में बांग्लादेश को सड़क, रेलवे, बंदरगाहों के निर्माण के लिए हजारों करोड़ रुपये दिए हैं। भारत के हाथ खींचने से बांग्लादेश के कई प्रोजेक्ट्स रुक सकते हैं। बांग्लादेश पहले से ही चीन का कर्जदार है। चीन का कर्जा इतना बढ़ चुका है कि चीन अब बिना कुछ लिए मदद नहीं करने वाला है। ऐसे में कट्टरपंथियों के हिन्दुओं पर हमले से बांग्लादेश से भारत के संबंधों में खटास आना तय है। इसका खामियाजा बांग्लादेश को भुगतना पड़ेगा।

# जीन एडिटिंग तकनीकी और जीएम फसल अलग नहीं

//पंकज चतुर्वेदी//

**पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जेनेटेकली मोडिफाइड अर्थात जीएम सरसों की भारत में व्यावसायिक खेती करने की सरकारी मंजूरी के खिलाफ याचिका पर खंडित फैसला दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना का आकलन था कि जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीईएसी) की 18-25 अक्टूबर, 2022 को संपन्न जिस बैठक में इसकी मंजूरी दी गई, वह दोषपूर्ण थी क्योंकि उस बैठक में स्वास्थ्य विभाग का कोई सदस्य नहीं था और कुल आठ सदस्य अनुपस्थित थे। जस्टिस संजय करोल का मानना था कि जीईएसी के फैसले में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने जीएम सरसों फसल को सख्त सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए पर्यावरण में छोड़ने की बात जरूर की।**

हालांकि, दोनों न्यायाधीश इस बात पर एकमत थे कि केंद्र सरकार को आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार चाहिए। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के सामने जाएगा। वैसे जीईएसी आनुवंशिक रूप से जीएम फसलों के लिए देश की नियामक संस्था है। लेकिन दो जजों की पीठ ने सुझाव दिया है कि चार महीने के भीतर केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय जीएम फसल के सभी पक्षों, जिनमें कृषि विशेषज्ञों, जैव प्रौद्योगिकीविद्, राज्य सरकारों और किसान प्रतिनिधियों सहित हितधारक शामिल हों, के परामर्श से जीएम फसलों पर राष्ट्रीय नीति तैयार करे।किसी से छुपा नहीं है कि भारत में खाद्य तेल की जबरदस्त मांग है लेकिन 2021-22 में 116.5 लाख टन खाद्य तेलों का उत्पादन करने के बावजूद भारत को 141.93 लाख टन का आयात करना पड़ा। अनुमान है कि 2025-26 में यह मांग 34 मिलियन टन तक पहुंच जाएगी। हमारे खाद्य तेल के बाजार में सरसों के तेल की भागीदारी कोई 40 फीसद है। ऐसा दावा किया गया कि यदि सरसों उत्पादन में जीएम बीज का इस्तेमाल करेंगे तो फसल 27 प्रतिशत अधिक होगी जिससे तेल की आयात का खर्च काम होगा।हालांकि यह तो सोचना होगा कि 1995 तक देश में खाद्य तेल की कोई कमी नहीं थी। फिर बड़ी कंपनियां इस बाजार में आई। उधर आयात कर काम किया गया और तेल का स्थानीय बाजार बिल्कुल बैठ गया। दावा यह भी है कि इस तरह के बीज से पारंपरिक किस्मों की तुलना में कम पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है, और मुनाफा अधिक।लेकिन जीएम फसलों खासकर कपास को लेकर हमारे पिछले अनुभव बताते हैं कि ऐसे बीजों की दूरगामी परिणाम खेती और पर्यावरण, दोनों के लिए भयावह हैं। समझना होगा कि जीएम फसलों को उत्पाद के मूल जीन को कृत्रिम रूप से संशोधित किया जाता है। इसके लिए आम तौर पर किसी अन्य जीव से आनुवंशिक सामग्री डाली जाती है जिससे उन्हें नये गुण दिए जा सकें। ये गुण अधिक उपज, खरपतवार कम करने, किसी कीट से लगने वाली बीमारी और कम पानी या फिर बेहतर पोषक तत्व आदि हो सकते हैं। देश में अभी तक कानूनी रूप से केवल बीटी कपास एकमात्र जीएम स्वीकृत फसल है। बीते 17 सालों में कपास की बीज दावों पर खरे उतरे नहीं। बीटी बीज देशी बीज की तुलना में बहुत महंगा है और दावे के विपरीत इसमें कीटनाशक का इस्तेमाल करना ही पड़ा। फसल तो ज्यादा हुई नहीं, लेकिन अब हर साल बीज बाजार से खरीदने की मजबूरी हो गई। विकसित देश बानगी हैं कि इस तरह के बीजों से खेतों की उर्वर क्षमता कम हुई है। पौष्टिक तत्व भी कम हुए हैं। दुनिया भर में कहीं भी बीटी फसल को खाद्य पदार्थ के रूप में मंजूरी नहीं मिली है। यूरोप में भी इस पर सख्त पाबंदी है। ऐसे में भारत में लोकप्रिय और आम आदमी के इस्तेमाल वाले सरसों के तेल के लिए बीटी पर मंजूरी संदेह पैदा करती है। समझना होगा कि इस तरह के बीजों से उत्पन्न सरसों के फूल मधुमक्खियों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। मधुमक्खियां शहद के लिए ज्यादातर रस सरसों के फूलों से ही प्राप्त करती हैं। सरसों की खेती में इस तरह के बीजों से उत्पन्न फूलों में मधुमक्खियों को परागण तो मिलेगा नहीं, उलटे कुछ जानलेवा कीट की वे शिकार हो जाएंगी। समझ लें कि जीएम बीज हमारे पारंपरिक बीजों के अस्तित्व के लिए खतरा हैं, और अब बदले हुए नाम से जीएम फसलों के लिए बैंगन-टमाटर आदि के लिए पिछले रास्ते से घुसाया जा रहा है। केंद्र सरकार कोई दो साल पहले जीनोम एडिटेड टेक्नोलॉजी का उपयोग कर नई फसल प्रजातियां विकसित करने के शोध को मंजूरी दे चुकी है। जीनोम एडिटेड प्लांट्स की एसडीएन-1 और एसडीएन-2 श्रेणियों के नियमन की समीक्षा (रेग्युलेटरी रिव्यू) के लिए स्टैंर्डड ऑपरेटिंग प्रोसिजर्स (एसओपी) को 4 अक्तूबर, 2022 को अधिसूचित किया जा चुका है।

## बांग्लादेश में अमेरिका के रणनीतिक हित स्पष्ट

बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत को राजनीतिक और रणनीतिक रूप से बहुत धक्का लगा है। इस नुकसान की निकट भविष्य में भरपाई हो पाएगी ऐसी संभावना नहीं लगती। भारत के लिए यह भी अफसोस की बात है कि जिस देश के निर्माण में उसने निर्णायक भूमिका निभाई थी वह फिर गुलामी की सुरंग में प्रवेश कर रहा है। यह विडम्बना है कि बांग्लादेश के नये हुक्मरान इसे दूसरी आजादी की संज्ञा दे रहे हैं। बांग्लादेश में राष्ट्रपिता शेख मुजिबुर रहमान की प्रतिमाओं को तोड़े जाने का दृश्य भारत के लोगों के लिए भी हृदयविदारक है। यह विचारणीय है कि बांग्लादेश का युवा वर्ग इतना गुमराह कैसे हो गया कि वह 1971 की आजादी की विरासत भी भूल गया। कहने के लिए युवा वर्ग के आंदोलन का नेतृत्व स्वतंत्रता प्रेमी और प्रगतिशील छात्र नेता कर रहे थे। वे शेख हसीना के कथित निरंकुश शासन से छुटकारा पाने और वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना के लिए सड़कों पर उतरे थे। लेकिन हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों से इस आंदोलन का भयावह चेहरा उजागर हुआ है। बांग्लादेश की चर्चित लेखिका और भारत में निर्वासन का जीवन जी रही तसलीमा नसरीन ने घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। तसलीमा को शेख हसीना के शासनकाल में देश छोड़ने पर मजबूर किया गया था। तस्लीमा शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद दिल्ली आने को नियती का न्याय मान रही हैं। लेकिन इस व्यक्तिगत नाराजगी से अलग होकर वह लोकतंत्र और मजहबी विचारधारा के अंतर्विरोधों का भी जिक्र करती हैं। उनके अनुसार 'मुस्लिम समाज जब अल्पसंख्यक होता है तो वह लोकतंत्र चाहता है, लेकिन बहुसंख्यक होता है तो वह इस्लामी राज्य की मांग करता है।' शेख हसीना ने अपने शासनकाल में इसी अंतविरेध को दूर करने की कोशिश की थी। वह एक लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष रूप में देश को विकास के रास्ते पर ले जा रही थीं।

## तस्वीरों की दुनिया



शिमला में सतलुज नदी के डोगरी पंचायत में बचाव अभियान के दौरान एनडीआरएफ के जवान।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।



भोपाल में रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की कलाई पर राखी बांधतीं महिलाएं।



दिल्ली शिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की और नई दिल्ली में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व हाथी दिवस के अवसर पर हाथियों की तस्वीरें ट्वीट कर हाथियों की सुरक्षा के लिए सामुदायिक प्रयासों की सराहना की।



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ पहुंचा।



78वें स्वतंत्रता दिवस से पहले डल झील पर तिरंगा रैली में भाग लेते लोग।

# हिंदुओं के आगे झुकी बांग्लादेश की नई सरकार मंदिरों में तोड़फोड़ पर मांगी माफी, खुद बनवाएगी

**ढाका, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों और मंदिरों में तोड़फोड़ के लिए सरकार ने माफी मांगी है। गृह मंत्रालय के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल (रिटायर्ड) मुहम्मद सखावत हुसैन ने कहा कि पिछले हफ्ते हुई हिंसा में बहुत से स्थानों पर हिंदुओं पर हमले हुए, उसके लिए सरकार को खेद है। इस हिंसा में जिन लोगों को नुकसान हुआ और जो मंदिर तोड़े या जलाए गए हैं उनकी क्षतिपूर्ति और निर्माण के लिए सरकार आर्थिक सहायता देगी। अंतरिम प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस मंगलवार को हिंसा से पीड़ित समुदायों के प्रमुख लोगों से मिलेंगे। उन्होंने भी अल्पसंख्यकों को पूरी सुरक्षा का भरोसा दिया है। विदित हो कि यूनुस को दिए बधाई संदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई थी और उन्हें रोकने की अपेक्षा की थी। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर चार, पांच और छह अगस्त को भारी हिंसा हुई थी। इस हिंसा में उपद्रवियों के निशाने पर सरकारी इमारतों के अतिरिक्त अवामी लीग के नेता और हिंदू थे। इस दौरान हिंदुओं के मकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों पर बड़े पैमाने पर हमले हुए। इन हमलों में दो लोग मारे गए और 45 घायल हुए। इन हमलों की पूरे विश्व में निंदा हुई है। सखावत हुसैन ने कहा कि जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा और अन्य पर्वों पर सरकार



की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे जिससे हर्षोल्लास से सभी आयोजन किए जा सकें। सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में धार्मिक मामलों का मंत्रालय संभाल रहे एएफएम खालिद हुसैन ने कहा है कि वर्तमान सरकार देश में सांप्रदायिक सौहार्द की पक्षधर है और अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों की निंदा करती है। जिन लोगों ने अल्पसंख्यकों पर हमले किए वे उपद्रवी थे और सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। इस बीच पुलिसकर्मियों ने हड़ताल खत्म कर ड्यूटी पर लौटने का एलान किया है। इसके चलते नागरिक ठिकानों पर तैनात सेना वापस बैरकों में चली गई है। सोमवार को बांग्लादेश बैंक के दो और डिप्टी गवर्नरों तथा वित्तीय खुफिया इकाई के प्रमुख ने अपने पदों से इस्तीफे दे दिए हैं। इनके अतिरिक्त बांग्लादेश बैंक के एक सलाहकार ने भी पद छोड़ने की घोषणा की है। बैंक के गवर्नर अब्दुर रऊफ तालुकदेर ने इस्तीफा दिया था। बांग्लादेश सरकार ने सभी आंदोलनकारियों से अपने हथियार पुलिस थानों में जमा करने के लिए कहा है। अंतरिम सरकार में गृह मंत्रालय के प्रभारी सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (रिटायर्ड) एम सखावत हुसैन ने आंदोलन के दौरान इस्तेमाल में लाए गए और लूटे गए सभी हथियारों को 19 अगस्त तक जमा करने को कहा है।

इनमें बहुत से हथियार थानों के शस्त्रागार और पुलिसकर्मियों से लूटे गए हैं। हुसैन ने कहा है कि 19 अगस्त तक नजदीकी थाने में हथियार जमा न कराने पर सरकार तलाशी अभियान चलाएगी और जिसके पास हथियार पाए जाएंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में सोमवार को तीन सौ से ज्यादा हिंदुओं ने एकत्रित होकर बांग्लादेश में हिंदुओं और उनके मंदिरों पर हो रहे हमलों को रोके जाने की मांग की। कहा कि मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाना गलत है। बांग्लादेश की सरकार उनकी सुरक्षा की प्रभावी व्यवस्था करे। भारतीय और बांग्लादेशी मूल के इन हिंदुओं ने बाइडन प्रशासन से भी मांग की कि वह बांग्लादेश पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए।

# इटारसी रेलवे स्टेशन पर हादसा, रानी कमलापति-सहरसा स्पेशल ट्रेन के दो एसी कोच बेपटरी



**नर्मदापुरम, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में नर्मदापुरम जिले के इटारसी रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम साढ़े छह बजे प्लेटफार्म संख्या दो पर प्रवेश कर रही रानी कमलापति-सहरसा स्पेशल ट्रेन की दो बोगियां बेपटरी हो गईं। हादसे के समय ट्रेन की गति करीब 30 किमी प्रति घंटा थी।गनीमत रही कि बेपटरी होने के बाद ट्रेन वहीं खड़ी हो गई। अगर गति तेज होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। अभी कोच बेपटरी होने की वजह साफ नहीं हो सकी है। रेलवे तकनीकी खामी मानते हुए जांच करा रहा है। घटना के बाद सायरन बजते ही स्टेशन प्रबंधक व आरपीएफ समेत अन्य विभागों की टीम मौके पर पहुंची। हादसे में किसी भी रेलयात्री को नुकसान नहीं हुआ, लेकिन कोच और ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया था। क्षतिग्रस्त कोच के यात्रियों को दूसरे कोच में शिफ्ट किया गया। बेपटरी हुई बोगियों को पटरी पर लाने में करीब एक घंटा लगा। उसके बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। हादसे के बाद इस रूट पर आने वाली समता एक्सप्रेस, जनशताब्दी समेत अन्य ट्रेनों को छोटे स्टेशन व आउटर पर रोका गया था। रेलवे अधिकारी ने बताया कि घटना की विभागीय जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम बनाई

## अमेरिका पहुंचे विनय मोहन क्वात्रा संभालेंगे भारत के नए राजदूत का पदभार

**वाशिंगटन।** विनय मोहन क्वात्रा अमेरिका में भारत के राजदूत होंगे। वह सोमवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। इससे पहले क्वात्रा भारत के विदेश सचिव रहे हैं। तरनजीत सिंह संधू के सेवानिवृत्ति के बाद से अमेरिका में भारतीय राजदूत का पद खाली था। संधू 2020 से 2024 तक अमेरिका में भारत के शीर्ष राजनयिक रहे और इसी साल सेवानिवृत्त हुए हैं।उप राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका में भारत के नए राजदूत के रूप में राजदूत विनय मोहन क्वात्रा का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। हम सभी भारतीय दूतावास में उनके नेतृत्व में काम करने के लिए उत्साहित हैं।इससे पहले ग्रेटर वाशिंगटन डीसी क्षेत्र से प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों का एक समूह नए भारतीय राजदूत का स्वागत करने के लिए डलास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। हालांकि उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। विनय क्वात्रा पहले अमेरिका में भारतीय दूतावास में कार्य कर चुके हैं। वह जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करेंगे।

# राजस्थान के कई जिलों में बाढ़, दो दिन में 22 की मौत मौसम की वजह से पीएम मोदी का हिमाचल दौरा रद

**नईदिल्ली, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

राजस्थान में तीन दिन से हो रही भारी बारिश कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। सवाईमाधोपुर जिले में बांध टूटने से आसपास के गांवों में पानी भर गया। राज्य में वर्षाजनित हादसों में दो दिन में 22 लोगों की मौत हुई है। बारिश के कारण देश के कई अन्य हिस्सों में जनजीवन बुरी तरह बाधित रहा। भारी वर्षा के कारण राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में जलभराव और ट्रैफिक जाम हो गया। इससे सटे गुरुग्राम में भी जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का जायजा लिया और राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।भारी बारिश के कारण सोमवार को जयपुर समेत प्रदेश के सात जिलों के स्कूलों में अवकाश रहा। मंगलवार को भी दौसा, करौली व सवाईमाधोपुर जिलों में अवकाश रहेगा। जयपुर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोंक में दो फीट तक पानी भरने से



यातायात संचालन में व्यवधान उत्पन्न हुआ है।करौली जिले के कई इलाकों में बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए है। सपोटरा में तहसील कार्यालय व पुलिस क्वार्टर में पानी भर गया। हिंडौन सिटी में बाढ़ के हालात उत्पन्न होने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। यहां घरों में पानी भर गया। पानी के तेज बहाव के कारण सवाईमाधोपुर जिले के हिंदूपुरा बांध की पाल सोमवार को टूट गई, जिससे आसपास के गांवों में पानी भर गया। डेढ़ दर्जन गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है।दौसा जिले के लालसोट में बाढ़ के हालात हैं।

दौसा-गंगापुर रेलवे लाइन परियोजना में छिडवाना गांव के पास मिट्टी ढहकर रेलवे ट्रैक पर आ गई, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ है। जयपुर के गलता कुंड में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई।जयपुर जिले की बांडी नदी उफान पर है। शहर के गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पानी में डूब गया है। जयपुर हवाई अड्डा परिसर व सवाई मान सिंह अस्पताल परिसर में पानी भर गया। उप्र में वाराणसी में गंगा का जलस्तर बीते 26 घंटे में लगभग आधा मीटर पानी कम हो गया है, लेकिन बलिया में जलस्तर खतरे के निशान से करीब एक मीटर ऊपर है। मऊ, बलिया में सरयू का जलस्तर धीमी गति से बढ़ रहा है और खतरा बिंदु से ऊपर है।

## नेपाल के दो दिवसीय यात्रा में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ओली सरकार ने दिया भारत सरकार को बड़ा आश्वासन



**काठमांडु, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

भारत और नेपाल के द्विपक्षीय संबंधों ने भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के दो दिवसीय नेपाल दौरे के दौरान द्विपक्षीय संबंधों पर नया कलेवर चढ़ाया गया है। पिछले ही महीने प्रधानमंत्री केपी ओली शर्मा के सत्ता संभालने के बाद नेपाल सरकार ने अब भारत को यह आश्वासन दिया है कि वह अपनी जमीन को पड़ोसी देश के खिलाफ आतंकवाद के लिए इस्तेमाल नहीं होने देंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बयान जारी करके सोमवार को बताया कि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री से मुलाकात के दौरान नेपाली गृह मंत्री रमेश लेखक ने आश्वस्त किया कि उनके देश में भारत के खिलाफ कोई विरोधी गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। बयान में कहा गया है कि नेपाली नेताओं ने सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, जल संसाधन के क्षेत्रों में भारत को नेपाल का प्रमुख साझीदार माना है।नेपाल की सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों के लिए लेखक ने भारत के प्रति आभार जताया है। इस अवसर पर नेपाली गृह मंत्री लेखक ने वादा किया कि नेपाली क्षेत्र में पड़ोसी देशों के खिलाफ किसी भी गतिविधि को समर्थन नहीं दिया जाएगा। लेखक ने नेपाल में भारतीयों को पूरी सुरक्षा दिए जाने के साथ ही नशीले पदार्थों की तस्करी समेत सीमा पार के अन्य अपराधों पर भी लगाम लगाने के लिए सहयोग बढ़ाने और दोनों देशों की साझेदारी में काम करने की बात कही। मिस्त्री अपनी दो दिवसीय यात्रा में सोमवार को अपने नेपाली प्रतिपक्षी सेवा लमसल से भी मिले और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। मिस्त्री ने नेपाल के उप प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री बिश्नू प्रसाद पौडेल से भी मुलाकात की है।

## बांग्लादेश हिंसा के खिलाफ संसद से पास हो निंदा प्रस्ताव, भारत की मशहूर हस्तियों ने लिखा पत्र



**नईदिल्ली, 13 अगस्त ।**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर लेखकों, शिक्षाविदों, नामचीन हस्तियों ने पत्र लिखकर चिंता जताई है। इन लोगों ने बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ संसद से सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में लेखक अमीश त्रिपाठी, अश्विन सांघी, अभिषेक बनर्जी, राजीव मंत्री , स्मिता बरूआ और सुप्रीम कोर्ट के वकील जे. साई दीपक शामिल हैं। पत्र में कहा गया है, हाल के दिनों में हमने बेहद परेशान करने वाली घटनाएं देखी हैं। मेहरपुर में इसकान केंद्र को जलाया गया, पूरे बांग्लादेश में कई मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। दंगाइयों द्वारा हिंदुओं की हत्या का जश्न मनाने का वीडियो प्रसारित हो रहा है। बांग्लादेश में हिंदु आबादी ने बार-बार उत्पीड़न का सामना किया है, जो राजनीतिक अस्थिरता के समय अक्सर और बढ़ जाता है।

1971 में जब बांग्लादेश के गठन से पहले पाकिस्तानी शासन में 25 लाख हिंदुओं की हत्या कर दी गई थी। तब से हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 2013 से बांग्लादेश में हिंदुओं पर 3,600 से अधिक हमले हुए हैं। बांग्लादेश में वर्तमान घटनाक्रम के कारण अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं। पत्र में कहा गया, हम संसद से आग्रह करते हैं कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले और सांप्रदायिक हिंसा की निंदा करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करे।

# धार्मिक स्वतंत्रता में धर्मांतरण का सामूहिक अधिकार नहीं हाई कोर्ट ने खारिज की मतांतरण के आरोपी की अर्जी

**प्रयागराज, 13 अगस्त [एजेंसी]।**



इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 का उद्देश्य सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देना है, यह भारत की सामाजिक सद्भावना को दर्शाता है। इस अधिनियम का उद्देश्य भारत में धर्मनिरपेक्षता की भावना बनाए रखना है। जबरन इस्लाम कबूल कराने और यौन शोषण के आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने यह टिप्पणी की। कहा, संविधान प्रत्येक व्यक्ति को अपना धर्म मानने, उसका पालन करने और उसका प्रचार करने का अधिकार देता है, लेकिन यह व्यक्तिगत अधिकार धर्म परिवर्तन कराने के सामूहिक अधिकार में तब्दील नहीं होता। धार्मिक स्वतंत्रता धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति और धर्मांतरित होने वाले व्यक्ति दोनों को समान रूप से प्राप्त होती है।याची अजीम पर लड़की को जबरन इस्लाम कबूल कराने और उसका यौन शोषण करने के आरोप में धारा 323/504/506 आईपीसी और धारा 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के तहत मामला दर्ज है। आरोपी (याची) का कहना है कि उसे झूठा फंसाया गया है। पीड़िता उसके साथ रिश्ते में थी, स्वेच्छा से अपना घर छोड़ा था। उसने पहले ही संबंधित मामले में धारा 161 और 164 सीआरपीसी के तहत दर्ज बयानों में अपनी शादी की पुष्टि की है।सरकारी वकील ने जमानत का विरोध करते हुए धारा 164 सीआरपीसी के तहत सूचना देने वाले के बयान का हवाला दिया। इसमें इस्लाम अपनाने के लिए दबाव डालने का आरोप होने के साथ-साथ मतांतरण (धर्म परिवर्तन) के बिना हुई शादी का वर्णन किया गया था। इन तथ्यों की पृष्ठभूमि में न्यायालय ने उल्लेख किया है कि सूचना देने वाले ने धारा 164 सीआरपीसी के तहत दर्ज अपने बयान में स्पष्ट रूप से कहा था कि याची और उसके परिवार के सदस्य उसे इस्लाम स्वीकार करने के लिए मजबूर कर रहे थे। उसे बकरीद के दिन पशु बलि देखने और मांसाहारी भोजन पकाने और खाने के लिए भी मजबूर किया गया था।

अदालत ने कहा, आवेदक ने उसे कथित तौर पर बंदी बनाकर रखा था और उसके परिवार के सदस्यों ने उसे कुछ इस्लामी अनुष्ठान करने के लिए मजबूर किया था, जो उसे स्वीकार्य नहीं था। कोर्ट ने यह भी माना कि याची यह प्रदर्शित करने के लिए कोई भी सामग्री रिकॉर्ड पर नहीं ला सका कि विवाह/निकाह से पहले सूचना (लड़की को इस्लाम में परिवर्तित करने के लिए 2021 के अधिनियम की धारा 8 के तहत एक आवेदन) दी गई थी। कोर्ट तथ्यों व परिस्थितियों को देखने के बाद जमानत अर्जी यह कहते हुए खारिज कर दी कि 2021 के अधिनियम की धारा 3 और 8 का यह प्रथम दृष्टया उल्लंघन है, जो 2021 के अधिनियम की धारा 5 के तहत दंडनीय है।

## इंदौर में पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप दो सगे भाइयों के बीच चली गोली, एक की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में दो भाइयों के बीच गोली चलने का मामला सामने आया है। दरअसल, इंदौर के दुर्गानगर में मंगलवार को दो भाइयों के बीच आपसी विवाद हुई और यह देखते ही देखते गंभीर रूप ले लिया। इस दौरान बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो




गया। इसके बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।एरोड्रम थाने क्षेत्र के दुर्गानगर इलाके में हुई इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छोटे भाई को प्राथमिक उपचार के लिए मवाई अस्पताल भेजा गया। वहीं, अस्पताल में उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों भाइयों के बीच यह हिंसक घटना किसी पारिवारिक विवाद के कारण हुई थी।जानकारी अनुसार, प्रवेश और जावेद शेख पुलिस से रिटायर हेड कांस्टेबल अल्लाह नूर के बेटे हैं। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि प्रवेश शेख ने अपने छोटे भाई जावेद शेख को गोली मार दी। बाद में प्रवेश ने खुद को शूट कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## अंतरिक्ष से वापसी के वक्त लग रहा था... बच नहीं पाऊंगा, 40 साल बाद राकेश शर्मा ने खोला बड़ा राज

**नई दिल्ली।** भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव सोमवार को साझा किया। उन्होंने कहा कि सोयुज अंतरिक्ष यान से धरती पर वापसी उनकी अंतरिक्ष यात्रा का सबसे रोमांचकारी अनुभव था। एक पल के लिए उन्हें लगा कि वह सुरक्षित वापस नहीं आ पाएंगे।राकेश शर्मा ने ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद तथा संयुक्त राष्ट्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित यूथ सभा 2047 शेपिंग इंडियाज फ्यूचर कार्यक्रम में अंतरिक्ष यात्री के तौर पर अपने अनुभव साझा किए। शर्मा ने पिक्सल स्पेस के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवैस अहमद के साथ बातचीत में कहा कि वह अपनी अंतरिक्ष यात्रा की लांचिंग को लेकर चिंतित नहीं थे, क्योंकि सब कुछ कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित था। धरती पर वापसी की यात्रा के अनुभव को याद करते हुए शर्मा ने कहा, धरती पर लौटना ज्यादा रोमांचक था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं सफल नहीं हो पाऊंगा। राकेश शर्मा को जनवरी 1982 में सोवियत इंटरकोस्मोस मिशन के लिए चुना गया था।

# इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अमेरिकी रक्षा मंत्री को घुमाया फोन, बड़े सैन्य हमले की तैयारी कर रहा ईरान

**वाशिंगटन, 13 अगस्त [एजेंसी]।**

इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने रविवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन से फोन कर कहा कि इजरायल पर बड़े सैन्य हमले की ईरान तैयारी कर रहा है। हालात को देखते हुए आस्टिन ने पश्चिम एशिया में एक गाइडेड मिसाइल पनडुब्बी की तैनाती का आदेश दिया और यूएसएस अब्राहम लिंकन विमान वाहक समूह को क्षेत्र में और अधिक तेजी से जाने के लिए कहा गया है। लेकिन के इस महीने के अंत तक क्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद थी।अमेरिकी सेना ने पहले ही कहा था कि वह इजरायली सुरक्षा को मजबूत करने के लिए इस क्षेत्र में अतिरिक्त लड़ाकू जेट और युद्धपोत तैनात करेगी। स्थानीय समाचार एजेंसियों ने ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के डिप्टी कमांडर के हवाले से कहा है कि ईरान 31 जुलाई को तेहरान में हमास नेता की हत्या पर इजरायल पर हमले को तैयार था। ईरान और हिजबुल्ला के संभावित हमलों को देखते हुए इजरायली वायु सेना ने अपने कर्मियों की विदेश यात्रा निलंबित कर दी है। वहीं, वेटिकन ने ईरान से पश्चिम एशिया में संघर्ष को बढ़ावा देने से हर तरह से दूर रहने



का आह्वान किया है। इस बीच, इजरायली सेना ने सोमवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस पर हमला तेज कर दिया। इसमें 18 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए।गाजा के जिटौन में पांच और रफा में दो लोग मारे गए। इजरायली चेतावनी के बाद खान यूनिस से लोगों का पलायन जारी है। वहीं, लड़ाई जारी रहने के कारण हमास गुरुवार को होने वाली मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता वार्ता के नवीनतम दौर को लेकर आश्वस्त नहीं दिख रहा है। उसने कहा है कि इजरायल की ओर से आगे बढ़ने के कोई संकेत नहीं दिख रहे।

हमास ने कहा कि बातचीत के आगे के दौर या नए प्रस्तावों की जगह मध्यस्थों को इजरायल को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के विचारों पर आधारित युद्धविराम प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए मजबूर करना चाहिए, जिसे हमास ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, एक संयुक्त बयान में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं ने गाजा में संघर्ष विराम, हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की वापसी और मानवीय सहायता की निरंतर डिलीवरी के आह्वान का समर्थन किया है।इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रक्षा मंत्री के साथ युद्ध के लक्ष्य को लेकर तीखी नोकझोंक सामने आई है। गैलेंट ने गाजा में हमास के खिलाफ पूर्ण जीत के नेतन्याहू के लक्ष्य को बकवास कहकर खारिज कर दिया। वहीं, नेतन्याहू कार्यालय की ओर से कहा गया है कि इजरायल का युद्ध लक्ष्य संपूर्ण जीत है, जिसमें हमास का सफाया और बंधकों की रिहाई शामिल है।

# एग्जाम में अच्छे नंबर लाने के लिए बच्चों को जरूर सिखाएं ये बातें, खुद से करने लगेंगे मेहनत



हर माता-पिता अपने बच्चों को समझदार और इंटेलिजेंट बनाना चाहते हैं. पेरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा पूरी क्लास में सबसे अच्छे नंबर लेकर आए और हर एग्जाम में टॉप करें. लेकिन ध्यान रहे बच्चों को एग्जाम में अच्छे नंबर लाने के लिए सिर्फ पढ़ाई ही काफी नहीं है.

इसके अलावा आपको उन्हें कुछ महत्वपूर्ण बातें सिखाना होगी. आप उन्हें अच्छा इंसान बनाने के लिए किताबी कीड़ा न बनाएं, बल्कि उन्हें खुद से मेहनत करने और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें.

ऐसे बनाएं बच्चों को ज्ञानी

अगर वाकई में आप अपने बच्चों को समझदार और ज्ञानी बनाना चाहते हैं, तो कुछ काम जरूर करें. बच्चों को ज्ञानी बनने के लिए आपको बच्चों की इच्छा के हिसाब से छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए.

बच्चों के लिए टाइम टेबल बनाएं

अगर आप आपके बच्चों को बहुत सारा पढ़ने के लिए दे देते हैं, तो इससे बच्चा बोर होने लगता है और वह ठीक से पढ़ाई नहीं कर पता है. इसलिए आप एक टाइम टेबल के हिसाब से उसे पढ़ने के लिए बिठाएं.

पढ़ाई के वक्त मोबाइल रखें दूर

जब आपका बच्चा पढ़ाई करने बैठे, तो उसके आसपास से उन चीजों को हटा दें, जो बच्चे का ध्यान भटका सकती है. पढ़ाई के वक्त अपने बच्चों का मोबाइल फोन, कॉमिक बुक जैसी चीजे उससे दूर कर देना चाहिए.

पसंदीदा सब्जेक्ट को करें कवर

सबसे पहले बच्चों को वह चीज पढ़ने को कहे, जो उसे काफी पसंद है. क्योंकि हर बच्चे का अपना एक पसंदीदा सब्जेक्ट होता है. फिर थोड़ा ऐसे सब्जेक्ट के बारे में पढ़ने को कहे जो उसे बिल्कुल नहीं पसंद. इससे आपका बच्चा धीरे-धीरे 2 से 3 घंटे के समय में हर सब्जेक्ट का एक चैप्टर कंप्लीट कर सकेगा.

अब आप पहले दिन पड़ा हुआ सभी सब्जेक्ट का ओरल टेस्ट ले लें. इससे बच्चें को सारी चीजें याद रहेगी और बच्चा आसानी से अच्छा स्कोर कर सकेगा. इसके अलावा आप अपने बच्चे का हर हफ्ते लिखित में टेस्ट ले सकते हैं.

सकारात्मक सोच रखें

अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा पूरी क्लास में टॉप करें, तो आपको अपनी और बच्चे की सोच को सकारात्मक रखना चाहिए. अगर वह एक पेपर अच्छा नहीं दे पता है, तो उसे दूसरे पेपर को अच्छी तरह करने के लिए प्रेशर ना दें, बल्कि उसे समझाएं और प्रोत्साहन दें. पेपर को देखते से ही बच्चा घबराए ना इसलिए आप उसे पहले से ही सकारात्मक भाव से समझा दें और उसे सारे प्रश्नों को हल करने के लिए कहें.

रट्टा मारकर एग्जाम ना दें

अधिकतर बच्चे एक ही लाइन को 10 बार पढ़ते हैं और रट्टा मार कर एग्जाम देने जाते हैं. ऐसे में कई बार उत्तर लिखते वक्त वे कंफ्यूज हो जाते हैं. इससे बचने के लिए आप अपने बच्चों को रट्टा मारने ना दे. बल्कि हर प्रश्न को दो से तीन बार लिखकर समझने के लिए कहें. ऐसा करने से आपका बच्चा आसानी से अच्छे स्कोर हासिल कर सकेगा और पूरी क्लास में टॉप करेगा.

# बादाम का दूध पीना सेहत के लिए कितना फायदेमंद जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट



हेल्दी और फिट रहने के लिए रोजाना बादाम का दूध पीना फायदेमंद होता है. आजकल फिटनेस फ्रीक और दूध से एलर्जी वाले लोग नॉन-डेयरी मिल्क पसंद कर रहे हैं. आलमंड मिल्क यानी बादाम का दूध भी एक नॉन-डेयरी मिल्क है. इसमें भर-भरकर पोषक तत्व होते हैं.

लो कैलोरी ड्रिंक्स की वजह से काफी लोग इसे पीना पसंद करते हैं. इस दूध (द्यद्वश्ठ्ठस्त्र स्ल्द्धद्यद्म) के पीने से शरीर की इम्यूनिटी तेजी से बढ़ती है और शरीर बीमारियों से दूर रहता है. बादाम में मिलने वाला कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन के, विटामिन ई शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं. ऐसे में आइए जानते हैं बादाम का दूध कितना फायदेमंद है...

बादाम का दूध कितना पावरफुल

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बादाम मिल्क बनाने का कोई फिक्स तरीका नहीं है. अलग-अलग प्रोडक्ट्स से बनने के लिए इसमें अलग-अलग पोषक तत्व भी पाए जाते हैं. फीके बादाम मिल्क में प्रोटीन और कार्ब कंटेंट काफी कम होते हैं. बादाम के दूध में गाय-भैंस के दूध में पाया जाने वाले प्रोटीन, कैल्शियम, पोटैशियम और विटामिन डी तो पाया ही जाता है, साथ ही कई अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, जो ओवरऑल हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं. बादाम के दूध के फायदे-एलर्जी भगाए- ऐसे लोग जिन्हें दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स से एलर्जी है, उनके लिए प्लांट बेस्ड बादाम मिल्क काफी अच्छा विकल्प होता है. इसमें कई तरह के पोषक तत्व मिल जाते हैं. इस दूध से कई तरह की बीमारियां दूर ही रहती हैं.

इम्यूनिटी बढ़ाए- बादाम मिल्क मेंगाय के दूध जितना ही प्रोटीन पाया जाता है. इसमें बीमारियों से लड़ने वाला आइसोफ्लेवोंस भरपूर पाया जाता है. इसे पीने से इम्यूनिटी बढ़ती है और शरीर रोगों से लड़ने में सक्षम बनता है. हार्ट और कैंसर की समस्या से बचाए- बादाम मिल्क में लो कैलोरी और लो प्रोटीन पाया जाता है. इसमें फायदेमंद अनसैचुरेटेड फैट काफी कम मात्रा में मिलता है. बादाम बेहद शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है. इसके तत्व हार्ट डिजीज और कैंसर जैसी समस्याओं से भी बचा सकते हैं.

# संदीपा धर ने बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी बकेट लिस्ट कैसे चेक की



अभिनेत्री संदीपा धर ने बताया कि उन्होंने हॉट बैलून राइड को अपनी बड़ी बकेट लिस्ट से चुना है, जिसे उन्होंने सबसे शानदार चीज़ बताया है।

संदीपा ने इंस्टाग्राम पर अपनी तुर्की छुट्टी की कई तस्वीरें शेयर कीं, जहाँ उन्होंने तुर्की के कप्पाडोसिया में हॉट बैलून राइड की कोशिश की। तस्वीरों में वह अपने दोस्तों के साथ राइड पर नज़र आ रही हैं, जिन्हें उन्होंने अपने पसंदीदा इंसान के रूप में टैग किया है।

कैप्शन में उन्होंने लिखा- ऊपर, ऊपर और दूर! इस दिन के बारे में सोचना बंद नहीं कर सकती। निस्संदेह, हॉट एयर बैलून में सवारी करना मेरे द्वारा अब तक किए गए सबसे शानदार कामों में से एक है। मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी बकेट लिस्ट है!

अनुभव का वर्णन करते हुए, संदीपा ने लिखा- यह बहुत खास था क्योंकि मुझे यह अनुभव अपने पसंदीदा इंसानों के साथ साझा करने का मौका मिला। क्या अविश्वसनीय अनुभव था! बिल्कुल अविस्मरणीय।

श्रीनगर में जन्मी इस अभिनेत्री ने 2010 में अभिनेता अक्षय ओबेरॉय के साथ इसी लाइफ में से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्हें हीरोपंती, गोल्लू और पप्पू, ग्लोबल बाबा, 7 ऑवर्स टू गो, कार्टेल जैसी फिल्मों में देखा गया और उन्होंने सतीश कौशिक द्वारा निर्देशित पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म कागज़ में विशेष भूमिका निभाई।

संदीपा को आखिरी बार इम्तियाज अली की मेडिकल ड्रामा डॉ. अरोड़ा में देखा गया था। इस सीरीज में कुमुद मिश्रा, राज अर्जुन और पितोबाश त्रिपाठी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। उनकी अगली फिल्म फिरकी है जिसमें नील नितिन मुकेश, करण सिंह ग्रोवर, जैकी श्रॉफ, के के मेनन हैं। इसकी घोषणा सालों पहले की गई थी, हालांकि फिल्म अनिश्चित काल के लिए रोक दी गई है।

संदीपा की अन्य प्रतिभाओं की बात करें तो अभिनेत्री भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं। उन्होंने श्यामक डावर और टेरेंस लुईस से जैज़ और कंटेम्परेरी भी सीखी है।

## अभिनेत्री श्रीति झा ने शब्बीर अहलूवालिया को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

एक्ट्रेस श्रीति झा ने अभिनेता शब्बीर अहलूवालिया को उनके 45वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। उन्हें सबसे कूल दोस्त बताते हुए श्रीति ने कहा कि वह हमेशा सब का दिन खास बना देते हैं।

टेलीविजन अभिनेत्री ने कैप्शन में सबसे पहले शब्बीर का एक कोट शेयर किया। उन्होंने लिखा, आपके पास हमेशा किसी का दिन खराब करने और उसे बेहतर बनाने के बीच चुनने का विकल्प होता है। हमेशा बाद वाले को चुनने की कोशिश करें - शब्बीर अहलूवालिया।

इसके बाद श्रीति ने लिखा, वह हमेशा सब का दिन बना देता है। बेहतर है ऐसा करते रहो उड़ता करेला - शब्बीर अहलूवालिया (बेशक यह दुनिया के सभी फ्रेज में मेरा पसंदीदा फ्रेज है)। हैप्पी बर्थडे शब्बीर अहलूवालिया। आप सबसे अच्छे दोस्त हैं।

श्रीति और शब्बीर ने टेलीविजन शो कुमकुम भाग्य में साथ काम किया है। वे शो में प्रज्ञा और अभि की भूमिकाओं में दिखे और उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आई।

शब्बीर ने 1999 में हिप हिप हुर्रे से शोबिज की दुनिया में कदम रखा, जहां उन्होंने पूरब की भूमिका निभाई। लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा ख्याति मिली क्योंकि सास भी कभी बहू थी में उनके काम से।

इसके बाद उन्हें संजीवनी, क्या हादसा क्या हकीकत, कहीं तो मिलेंगे, काव्यांजलि, कसम से, कसौटी जिंदगी की, कयामत और लागी तुझसे लगन जैसे शो में देखा गया।

साल 2007 में उन्होंने शूटआउट एट लोखंडवाला से फिल्मों में अपनी शुरुआत की। इसके बाद उन्हें मिशन इस्तांबुल में देखा गया, जो 2008 में रिलीज हुई थी। अभिनेता ने फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी, नच बलिए, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स - अब इंडिया तोड़ेगा और डांसिंग क्वीन के साथ रियलिटी शो में भी काम किया है।

उनके नवीनतम कार्यों में प्यार का पहला नाम - राधा मोहन और कुमकुम भाग्य 2.0 शामिल हैं।



# रिवीलिंग गाउन पहन निक्की तंबोली ने दिए किलर पोज एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा



टीवी और फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री निक्की तंबोली हमेशा ही अपने बोल्ड लुक्स के लिए चर्चा में रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह बेहद ही हॉट और स्टनिंग लग रही हैं. इस वीडियो में निक्की ने ग्रे कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है और उन्होंने लाइट मेकअप के साथ अपने बालों को खुला रखा है. निक्की के इस वीडियो को देखकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं और जमकर कमेंट्स कर रहे हैं. यह वीडियो सोशल मीडिया का पारा हाई कर रहा है. कुछ फैंस ने उन्हें बेहद खूबसूरत बताया है, तो कुछ ने उनके लुक की तारीफ की है. निक्की का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं.

बिग बॉस के घर से लोगों के दिलों में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपनी हॉटनेस से फैंस पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों पर कहर बरपाती हैं।

निक्की तंबोली अपने फैंस के साथ जुड़ने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

फैंस भी एक्ट्रेस निक्की तंबोली की इन तस्वीरों को बेहद ही पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं निक्की तंबोली के इंस्टाग्राम पर 3.6 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों के सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर कल्कि 2898 एडी के कलेक्शन में 80 प्रतिशत का उछाल

नाग अश्विन निर्देशित और प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ जैसे बड़े कलाकारों से जी कल्कि 2898 एडी अपने सातवें सप्ताह में भी बरकरार है. यह पिछले सप्ताह शाहरुख खान की जवान को पछाड़कर भारतीय सिनेमा की चौथी सबसे बड़ी हिट फिल्म बन गई. कल्कि 2898 एडी स्वतंत्रता दिवस वीकेंड तक अपनी रिलीज का आनंद लेने जुटी हुई है. सैकनिलक के अनुसार, फिल्म ने अपने सातवें शनिवार को लगभग 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी और 1.15 करोड़ रुपये की कमाई की. कल्कि 2898 एडी का कुल कलेक्शन अब 643.36 करोड़ रुपये हो गया है. उम्मीद है कि रविवार को फिल्म की झोली में एक करोड़ और जुड़ जाएंगे.



## बॉक्स ऑफिस पर औरों में कहां दम था ने टेक दिए घुटने

अजय देवगन-तब्बू की फिल्म औरों में कहां दम था और जाह्नवी कपूर की उलझ ये दोनों फिल्में 2 अगस्त को सिनेमाघरों में आई थी, लेकिन किसी ने भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखाया।पहले ही दिन ये दोनों फिल्में टिकट खिड़की पर फुसकी बम साबित हुईं। लग रहा था कि वीकेंड में इनकी कमाई में सुधार आएगा, लेकिन सिनेमाघरों में दोनों ही फिल्में दर्शकों के लिए तरस गईं।आइए जानते हैं किस फिल्म ने कुल कितना कारोबार किया। सैकनिल्क के मुताबिक, औरों में कहां दम था ने पहले वीकेंड में 10.1 करोड़ रुपये कमाए थे। पहले 3 दिनों में यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत ही सपाट दौड़ी है।

## नानी की फिल्म सारिपोधा सानिवारम का ट्रेलर

नैचुरल स्टार नानी द्वारा निर्देशित और विवेक अथरेया द्वारा निर्देशित बहुचर्चित फिल्म, सारिपोधा सानिवारम, 13 अगस्त को अपने ट्रेलर रिलीज के लिए तैयार है। निर्माता फिल्म का जोरदार प्रचार कर रहे हैं, और प्रत्येक प्रचार सामग्री ने फिल्म के बारे में चर्चा को और बढ़ा दिया है। ट्रेलर से यह पता चलने की उम्मीद है कि फिल्म किस बारे में है, और प्रशंसक फिल्म की कहानी की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सारिपोधा सानिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका मोहन सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं, और इसे डीवीवी दानय्या और कल्याण दासरी द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित किया गया है।



## शब्द सामर्थ्य -147

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 146 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में तिरंगा सप्ताह में निरंतर हो रहे आयोजन

# हर घर तिरंगा की संकल्पना के साथ देशभक्तों की टोली लहरा रही हैं राष्ट्रीय ध्वज





**बैकुण्ठपुर।** तीन रंगों से सजा हुआ हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारी पहचान है और इस ध्वज की गरिमा से हम सब उल्लास और ऊर्जा का अनुभव करते हैं। देशभक्ति की लहर जगाने वाला हमारा तिरंगा हमारे राष्ट्रीय गौरव का परिचायक है।

इसी गर्व की अनुभूति के साथ कोरिया जिले के हर गांव गली में तिरंगे की ससम्मान यात्राएं आयोजित की जा रही हैं। तिरंगा सप्ताह के दौरान होने वाले आयोजनों का मुख्य उद्देश्य हर गांव गली तक देशभक्ति का जज्बा पैदा करना है साथ ही हमारी आजादी के लिए जिन वीर सपूतों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया उन सभी के बलिदान को याद करना भी है। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कोरिया जिले के हर ग्राम पंचायत में उल्लास और पूरे गरिमा के साथ तिरंगा यात्राओं का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में लोकसेवकों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इससे पूरे जिले में एक अलग ही सकारात्मक माहौल तैयार हो रहा है। ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सरपंच के नेतृत्व में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए बाइक रैली के साथ ही पैदल मार्च भी किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक ग्राम में आम नागरिकों को अपने घरों में तिरंगा सम्मानपूर्वक लगाए जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डॉ आशुतोष ने बताया कि तिरंगा सप्ताह के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम से जुड़ने वाले प्रत्येक आम नागरिक को झंडे से जुड़े हुए कुछ प्रोटोकाल सदैव ध्यान में रखने चाहिए। नागरिक जो तिरंगा अपने घरों में सम्मानपूर्वक लगा रहे हैं उनमें रंगों का क्रम सही हो, तिरंगा प्लास्टिक का बना हुआ ना हो। सभी यह ध्यान रखें की झंडा सदैव सीधा रहे और पर्याप्त ऊंचाई रखी जाए। झंडे को गंदा ना होने दें और फटे हुए झंडे को कदापि ना फहराएं। उन्होंने कोरिया वासियों से आग्रह किया है कि तिरंगा हम सबकी राष्ट्रीय गरिमा की पहचान है इसलिए इसके सम्मान का सदैव ध्यान रखें और देशभक्ति के इस आयोजन में पूरे उल्लास के साथ सहभागी बने।

## श्रीमती रेणुका सिंह होंगी स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि



**कोरिया।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय, बैकुंठपुर स्थित शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित किया जाना है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भरतपुर-सोनहत विधानसभा के विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ध्वजारोहण करेंगी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगी।

## अब तक 599.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**कोरिया।** भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से प्रतिवेदित दिनांक तक 717.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के तहसील बैकुण्ठपुर में 662.7, सोनहत में 606.2, पटना में 868.2 एवं पोड़ी बचरा में 732.2, मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को तहसील बैकुण्ठपुर में 11.4, सोनहत में 4.0, पटना में 6.5 एवं पोड़ी बचरा में 2.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## भारी बारिश से गिरी स्कूल की बाउंड्री वाल, शिक्षक-बच्चे हुए परेशान

**बतौली।** सोमवार दोपहर बाद भारी बारिश की वजह से बतौली शांतिपारा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल की बाउंड्री वॉल अचानक गिर गई। इस घटना के बाद स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थी काफी परेशान हुए। बाउंड्री वॉल के गिरने से मुख्य द्वार सहित आसपास मलबा बिखर गया । आने वाले समय में बच्चों सहित शिक्षकों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी हो सकती है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे शांतिपारा में यह स्कूल स्थित है। 800 से ज्यादा विद्यार्थी यहां पढ़ाई करते हैं। बतौली शांतिपारा में कई जनप्रतिनिधियों और उच्च अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। बावजूद आज तक इसे नया भवन नसीब नहीं हुआ है । बच्चे जान जोखिम में डालकर यहां अध्ययन करते हैं। पिछले दिनों छत का प्लास्टर गिरने से दो छात्राएं मामूली रूप से घायल हुई थी। इस बीच सोमवार को बतौली क्षेत्र में डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश के दौरान मुख्य द्वार के पास स्थित बाउंड्रीवाल गिर गया। मुख्य द्वार पर गिरी दीवार का अवशेष बिखरने से गाड़ियों के आने जाने में काफी परेशानी हो रही है।



## तेज बारिश से आत्मानंद स्कूल में घुसा पानी, बच्चों को भेजा गया घर

**बतौली।** सोमवार को बतौली के शांतिपारा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के नौ कमरों में भारी बारिश की वजह से लबालब पानी भर गया। अचानक पानी भरने से अफरा तफरी मच गई । प्राचार्य ने आनन फानन में शिक्षकों को बच्चों की मदद के लिए भेजा। सभी कमरों में पानी इतना भर चुका था कि प्राचार्य को छुट्टी घोषित करनी पड़ी । बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में ड्रेनेज की पर्याप्त व्यवस्था न होने की वजह से ऐसी स्थिति बनी। बतौली के शांतिपारा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित किया जाता है । यहां पहली से 12वीं तक कुल 634 विद्यार्थी नौ कमरों में अध्ययनरत है। कुछ कमरों में बालक हायर सेकेंडरी हिंदी माध्यम स्कूल की नवमीं कक्षा के विद्यार्थी भी पढ़ाई करते हैं ।यह भवन नया बना है । कांग्रेस शासन काल में नया भवन विद्यालय संचालन के लिए निर्मित किया गया था । भवन के निर्माण के दौरान परिसर में ड्रेनेज की व्यवस्था पर्याप्त है या नहीं इस बात का ख्याल नहीं रखा गया । लिहाजा बारिश के बीच बच्चों को अब परेशानी झेलनी पड़ रही है । सोमवार को दोपहर लगभग डेढ़ घंटे तक लगातार तेज बारिश हुई । बारिश की वजह से पूरे स्कूल कैंपस में पानी भर गया और देखते ही देखते सभी नौ कमरों में पानी प्रवेश कर गया। बच्चे बाहर की ओर भागने लगे। शिक्षकों ने इस दौरान बच्चों की मदद की। बताया जा रहा है कि जब तक पानी निकला नहीं जाएगा तब तक पढ़ाई भी संभव नहीं है। शांतिपारा में जहां पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्थित है वह पूरा परिसर स्कूल की फर्श के बराबर लेवल पर है, इसलिए बारिश का पानी आसानी से अंदर प्रवेश कर जाता है । इसके अलावा ड्रेनेज की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सामने ही राष्ट्रीय राजमार्ग 43 गुजरता है । यह सड़क भी ऊंचाई पर है जिससे बारिश का पानी सड़कों से होते हुए परिसर तक आता है और बराबर लेवल होने की वजह से स्कूल में पानी प्रवेश कर जाता है। इसलिए तकनीकी आधार पर जब तक ड्रेनेज की व्यवस्था और लेवल मेंटेन की कार्रवाई नहीं की जाती तब तक ऐसी समस्या होती रहेगी।

# एनएच पर जलजमावः दोपहिया से जायजा लेने निकले सांसद

**मनेंद्रगढ़।** अंबिकापुर मनेंद्रगढ़ मार्ग व खरसिया रोड पर इस बारिश में जल जमाव की स्थिति ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। दिल्ली से लौटते ही सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, कलेक्टर विलास भोसकर को दो पहिया वाहन में बिठाकर जायजा लेने निकले। नगर के आंबेडकर चौक से माखन विहार तक पांच ऐसे स्थान हैं जहां पर पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इन स्थानों को फिलहाल प्राथमिक रूप से दुरुस्त करने कहा गया है। 15 सितंबर के बाद बनाई गई योजना के अनुरूप सड़क निर्माण करने कहा गया है। नागरिकों को तत्काल राहत देने लगातार सड़क की मरम्मत करने कहा गया है। जल भराव की स्थिति को सांसद और कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से समझा आसपास के लोगों से भी बातचीत की। सांसद व कलेक्टर इसके बाद भारत माता चौक के आगे खरसिया रोड पर भी पहुंचे जहां जल जमाव की स्थिति निर्मित होती है। नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत, ईई पीडब्लूडी वीके बेदिया, ईई एनएच नितेश तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी फागेश सिन्हा,पार्षद आलोक दुबे,कैलाश मिश्रा, मुकेश तिवारी,हरमिंदर सिंह टिंन्नी, विकास वर्मा, विनोद हर्ष मौके पर मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान ईई एनएच नितेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मनेंद्रगढ़ रोड में पांच स्थल पर जलभराव की समस्या का सामना लोगों को करना पड़ता है।इनमें पीजी कालेज के सामने, होलीक्रास स्कूल के पास, होटल माखन विहार के पास, होटल शैलगिरी और अजिरमा बैरियर के पास सड़क पर जलभराव होता है। सांसद ने अधिकारियों को इस समस्या के तत्काल हो सकने वाले निराकरण के उपायों को अपनाने कहा जिससे लोगों को सहूलियत मिल सके। कलेक्टर द्वारा इन स्थानों पर नगर निगम आयुक्त को नाली निर्माण किए जाने हेतु कार्ययोजना में लेने निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि आमजनता की सुविधा हेतु शीघ्र ही काम शुरू कराएं और पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता हो तो ऐसे स्पॉट भी चिन्हांकित कर लिए जाएं। ईई एनएच ने सांसद चिंतामणि महाराज और कलेक्टर को बताया कि बताया कि बनारस चौक से पीजी कालेज तक नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाना है। स इन सभी स्थलों पर सड़क की उंचाई बढ़ाते हुए नवीन सड़क निर्माण, नाली निर्माण सहित रेन वाटर हार्वेस्टिंग का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजते हुए सप्ताह के भीतर कार्रवाई की जाएगी। सांसद चिंतामणि महराज ने इस दौरान खरसिया नाका से रायगढ़ रोड में भारत पेट्रोलियम पंप के पास सड़क पर जलभराव की स्थिति का भी निरीक्षण किया। हर साल होने वाले जलभराव के संबंध में ईई एनएच द्वारा अवगत कराया गया कि इस स्थान पर महामाया पहाड़ का पानी निकासी होता है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर जलभराव की समस्या होती है। इसके प्रबंधन हेतु कलेक्टर द्वारा मास्टर प्लान विकसित करने हेतु नगर निगम आयुक्त एवं एसडीएम को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से समन्वय करने हेतु कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

सांसद एवं कलेक्टर ने खरसिया चौक से दरिमा मोड़ तक फोरलेन कांक्रीट सड़क का प्राक्कलन तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। पहली बार सरगुजा का कोई सांसद अंबिकापुर शहर में जल जमाव की समस्या को लेकर गंभीर दिखा है। इससे पहले किसी भी सांसद को शहर की बदहाली को लेकर अधिकारियों के साथ बाइक में निकलकर निरीक्षण करते नहीं देखा गया था। सांसद चिंतामणि महाराज ने इसे गंभीरता से लिया है और अधिकारियों से कहा है कि इसे ऐसा दुरुस्त करें कि दोबारा यह समस्या उत्पन्न ही न हो। यह मुख्य मार्ग है, हजारों लोगों का आना-जाना होता है। शहर का प्रवेश मार्ग है, यदि इसकी हालत ऐसी रहेगी तो क्या संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि राशि की उपलब्धता भी मैं सुनिश्चित कराऊंगा। मनेंद्रगढ़ मार्ग पर जहां खस्ताहाल स्थिति है वहां दो दिन पहले कांग्रेस के शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में धान का रोपा लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया गया था। मौके पर अधिकारी भी पहुंचे थे। सभी ने आश्वासन दिया था कि बरसात में सड़क तो नहीं बन पाएगी पर व्यवस्था ठीक करने का प्रयास किया जाएगा। इधर सोमवार से मरम्मत का काम भी आरंभ हो गया है।

## भाजपा महिला मंडल की सदस्याओं ने सावन उत्सव मनाया

**रामानुजगंज।** नगर के वन वाटिका में भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता के नेतृत्व में सावन उत्सव कार्यक्रम का बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 15 तक की बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित रही। इस दौरान विविध सांस्कृतिक, बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए गय।वही सामूहिक वनभोज, गीत संगीत का भी आयोजन किया गया। गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से शर्मिला गुप्ता के नेतृत्व में सावन उत्सव का कार्यक्रम आयोजित होते आ रहा है वही इस वर्ष सावन उत्सव का बृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया आयोजन को लेकर व्यापक स्तर में तैयारी की गई थी।जो कार्यक्रम में देखने को मिला वन वाटिका में बांध के समीप सारी व्यवस्थाएं की गई थी झूला को जहां सजवाया गया था। वही पूरे परिसर की भी सजावट की गई थी। भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता ने कहा कि सावन उत्सव कार्यक्रम को लेकर नगर की महिलाओं का बेसब्री से इंतजार रहता है जिसे लेकर इस बार विशेष व्यवस्थाएं की गई थी कार्यक्रम में नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 15 तक की बड़ी संख्या में महिलाए समल्लित रही। कार्यक्रम दोपहर 1 से प्रारंभ हुआ जो 6 बजे तक चला इस दौरान विविध बौद्धिक, सांस्कृतिक आयोजन हुए जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं का उत्साह देखते बन सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। सावन उत्सव के दौरान जहां विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं सावन सुंदरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें रचना गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सावन सुंदरी का खिताब हासिल किया वहीं अनीता गुप्ता दूसरा एवं रश्मि गुप्ता तृतीय स्थान प्राप्त की सभी को ताज पहनकर गिफ्ट प्रदान किया गया।

## अवैध शराब के साथ युवती व पुरूष गिरफ्तार

**रायपुर।** गोबरानवापारा और मोवा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ युवती व पुरूष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 47 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने खोलीपारा में दबिश देकर आरोपिया कुमारी दिपाली ठाकुर 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# पुनर्वास केंद्र से आई खूबसूरत तस्वीर,हाथी मेरे साथी का संदेश भी



**सूरजपुर।** जिले के हाथी पुनर्वास केंद्र रमकोला में सोमवार को विश्व हाथी दिवस अनूठे तरीके से मनाया गया। सुबह हाथियों को स्नान कराया गया। उनकी परंपरागत तरीके से साज-सज्जा की गई। पूजा-अर्चना के बाद उन्हें पसंदीदा खाद्य सामग्री दी गई। सोमवार को पुर्नवास केंद्र का दरवाजा आमजनों के लिए भी खुला रहा। सुबह से शाम तक लोग यहां हाथियों को करीब से देखने पहुंचते रहे। स्कूली बच्चों के बीच हाथियों से जुड़ी सामान्य जानकारियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी हुई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते भी शामिल हुई। उन्होंने हाथियों की पूजा कर अपने हाथों से लजीज व्यंजन भी परोसा। पुनर्वास केंद्र में हाथियों के लिए उनका पसंदीदा तरबूज, गन्ना, पपीता, अनानास, केला, कटहल, नारियल, खिचड़ी, मिठाई, गुड़ की व्यवस्था की गई थी। मालूम हो कि हाथियों के संरक्षण की दिशा में आम लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 12 अगस्त को हाथी दिवस मनाया जाता है। रमकोला का हाथी पुर्नवास केंद्र , छत्तीसगढ़ का इकलौता केंद्र हैं। यहां कर्नाटक से लाए गए प्रशिक्षित हाथियों को रखा गया है। रमकोला के घने जंगलों के बीच हाथी पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है। विश्व हाथी दिवस के अवसर पर रमकोला के पुनर्वास केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हाथी के दो बच्चों ने सभी को आकर्षित और रोमांचित किया। कर्नाटक से लाई गई प्रशिक्षित हथिनी गंगा व योगलक्ष्मी ने लगभग एक माह पहले इन्हें जन्म दिया है। हाथी के इन दोनों बच्चों की भी साज - सज्जा की गई थी। कर्नाटक से लाए गए दो प्रशिक्षित हाथियों को अंबिकापुर शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर चेन्द्रा में लाकर रखा गया है। इन दोनों हाथियों को एक गुस्सैल हाथी को काबू करने के आपरेशन में लगाया जाएगा। इस हाथी ने सरगुजा में एक तथा जशपुर में चार लोगों की कुचल कर जान ली है। सोमवार को हाथी दिवस होने के कारण प्रशिक्षित हाथियों को आपरेशन में नहीं लगाया गया।

## 125 लोगों की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा आज शासकीय स्कूल पुरैना में ग्राम वासियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एसोसियेशन के संयोजक जी.एस. बॉम्बरा के अनुसार शिविर में लगभग 125 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें मुख्य रुप से सर्दी जुकाम,खांसी, कंजक्टिवाईटिस, पीठ और जोड़ों के दर्द, हृदय रोग, स्त्री रोगों तथा नेत्र रोगों की जांच की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों के मधुमेह रोग और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। लगभग 25 मरीजों की ईसीजी भी की गई। छत्तीसगढ़ के प्रसिध्द नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.आनंद सक्सेना की नेत्र जांच की मोबाईल यूनिट एम्बुलेंस में भी कई मरीजों के आंखों की जांच की गई।

## केबिनेट मंत्री नेताम ने घर घर तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ

**रामानुजगंज।** कृषि मंत्री राम विचार नेताम अपने बलरामपुर रामानुजगंज प्रवास के दौरान रविवार को अपने गृह ग्राम सनवाल में हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत भाजयुमो के द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में सैकड़ो स्थानीय लोगों के साथ सम्मिलित हुए वहीं आज रामानुजगंज में भी भाजयुमो के द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। हाथ में तिरंगा लहराते सैकड़ो भाजयुमो के कार्यकर्ता में नेताम की उपस्थिति में भारत माता के जयकारे लगाते उत्साह देखते बना। कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से पूरा देश जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए वीर सपूतों ने अपने प्राणों को न्योछावर किया तब जाकर हमें आजादी मिली। आजादी का महत्व हम सबको समझने की आवश्यकता है।इस अभियान से हर एक व्यक्ति को जोड़ना है। सनवाल में तिरंगा यात्रा दुर्गा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ बरवाही बाजार तक गया वहीं रामानुजगंज में अटल चौक से तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख चौक चौराहे से होकर गुजरा। सनवाल में तिरंगा यात्रा में पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह, रामचरित्र सोनवानी, सुखदेव सिंह बबलानंद सिंह कृपाल कुशवाहा प्रमोद गुप्ता जसवंत यादव, अजय गुप्ता,जशवंत यादव, पिंटू रहमान अजय साहू,रामजीत पावले, मंगल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे वही रामानुजगंज में आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता, तारावती सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता,अश्वनी गुप्ता,अजय यादव,अमित गुप्ता सहीत भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान कृषि मंत्री राम विचार नेताम भारत माता चौक पर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता की जयकार लगवाएं। नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित टाउन हॉल में कृषि मंत्री राम विचार नेताओं ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी।

## ट्रेलर की टक्कर से कार सवार युवक की मौत

**रायपुर।** ग्राम अमेठी डबरा के पास ट्रेलर वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार युवक की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश चंद्राकर 36 वर्ष पुरानी बस्ती का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक मुकेश अपनी दोस्त विजय वर्मा के साथ कार क्रमांक सीजी 04 एचए 5804 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम अमेठी डबरा के पास ट्रेलर क्रमांक यूपी 62 बीटी 8284 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सरेआम शराब पीते 5 गिरफ्तार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## महिला को कुचलने वाला हाथी मिल गया दूसरे हाथी से

**अंबिकापुर।** जशपुर जिले के बगीचा में चार लोगों को कुचल मार डालने वाले हाथी ने रविवार देर शाम सरगुजा जिले के लुंड्रा वन परिक्षेत्र के गेरसा गांव में महिला को कुचल मार डाला। यह हाथी लुंड्रा वन परिक्षेत्र के असकला जंगल में पहुंच गया हैं। यहां पहले से ही एक हाथी था। दोनों हाथियों के आमने-सामने आ जाने के बाद भी आपसी संघर्ष की स्थिति नहीं बनी। इससे संभावना जताई जा रही है कि जशपुर से घुसे हाथी के व्यवहार में भी बदलाव होगा। एक और हाथी मिल जाने से उसकी आक्रामकता कम होगी। हर स्थिति से निपटने की योजना के तहत दो प्रशिक्षित हाथियों को भी अंबिकापुर से 12 किलोमीटर दूर चेन्द्रा जंगल में लाकर रखा गया है ताकि जरूरत पड़ी तो गुस्सैल हाथी को काबू में किया जा सके। इसके लिए हाथी के व्यवहार का भी अध्ययन किया जा रहा है। यदि जनहानि की घटनाएं और हुई तो जशपुर से घुसे हाथी को प्रशिक्षित हाथियों के माध्यम से काबू में किया जाएगा। मंगलवार से यह आपरेशन शुरू किया जा सकता है। मालूम हो कि शनिवार को जशपुर जिले के बगीचा में हाथी ने एक घर में सो रहे तीन लोगों के साथ चार लोगों को मार डाला था। रविवार को हाथी सरगुजा जिले के बतौली क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। बतौली के सलियाडीह से होते हुए हाथी शाम को लुंड्रा वन परिक्षेत्र में घुसा था। अकेला होने के कारण हाथी तेजी से मूवमेंट कर रहा था। हाथी के संभावित विचरण क्षेत्र में वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा मुनादी भी कराई जा रही थी। वन कर्मियों के अनुसार लुंड्रा के गेरसा पंचायत के माझापारा में एक परिवार बस्ती से 200 मीटर दूर जंगल किनारे निवासरत था।

# सड़कों पर चढ़ी भ्रष्टाचार की बेल, चौतरफा समस्याओं से परेशानी, राहत जल्द नहीं

## शहर में आवागमन करने की स्थिति में जन स्वास्थ्य की चुनौती

**कोरबा।** कामकाज में नियंत्रण न हो और किसी भी कारण से समझौते के सिद्धांत को अपनाना पड़ जाए तो फिर आप अच्छे परिणामों की उम्मीद बिल्कुल नहीं कर सकते। काम चाहे जैसा भी हो तस्वीर नकारात्मक बनेगी ही और लोग परेशान होंगे। प्रदेश के बड़े नगर निगमों में शामिल कोरबा में मुख्य सड़कों की दुर्दशा को देखकर ऐसा कहा जाना अतिश्योक्ति नहीं। हर इलाके की सड़कें बेजार हैं और लोग हैं परेशान। अलग-अलग प्रकार के तर्क सड़कों की खराबी को लेकर दिए जा रहे हैं लेकिन अब यह मामला उलझ गया है। राहत देने के लिए क्या इंतजाम होते हैं, इसके लिए बारिश की विदाई की प्रतीक्षा करने की बात की जा रही है।

नगर निगम ने कई करोड़ रुपए की राशि कुछ समय पहले ही सड़कों के निर्माण पर खर्च की। सड़कों को उस समय चकाचक किया गया। कोरबा में सड़कों के मामले में इस प्रकार के प्रयोग बिल्कुल नहीं हैं। लोगों को लगता है कि यह सब दीर्घकालिक विकास के लिए हो रहा है लेकिन सड़कों के उखड़ने से पता चल रहा है कि भ्रष्टाचार की बेल सड़क पर चढ़ जाने



के चक्कर में कुल मिलाकर मुसीबत है। निगम कार्यालय साकेत भवन के सामने से कलेक्टोरेट, वीआईपी रोड, कोसाबाड़ी चौक, नेताजी चौक, ओपन थिएटर से लेकर महाराणा प्रताप प्रतिमा, कुआंभट्ठा रिकांडो रोड, सीएसईबी मार्ग, पावर हाउस रोड और मुख्य मार्ग के इलाके में ऐसा कहीं भी नहीं हैं जहां की सड़कें उखड़ी न हों। इनका अंदरूनी हिस्सा अब साफ नजर आ रहा है। औपचारिक रूप से सड़कों का जो विकास किया गया था वह धूल धुसरित हो गया। समय के साथ-साथ इनके गड्ढे अपने आकार को बढ़ा रहे हैं। दिन भी इन रास्तों पर हजारों की संख्या में दौड़ने वाले छोटे-बड़े वाहनों के दबाव से सड़कों पर जमा हुई डस्ट तो उड़ती ही है, साथ ही सड़कों का दूसरा हिस्सा भी चपेट में आने के साथ वातावरण को बुरी तरह से प्रदूषित कर रहा है। शहर की सड़कों पर से होकर आवाजाही करना लोगों के लिए उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। दूसरी ओर नगर निगम ने इस मामले में ठेकेदार की गलती तो जरूर बताई है लेकिन यह भी कहा है कि इन सड़कों पर हो रही समस्या से राहत पाने के लिए अभी इंतजार करना होगा। कहा गया कि बारिश बीतने के बाद ही सुधार संबंधी कुछ काम हो सकता है।

### प्रदूषित शहर की है पहचान

कोरबा का नाम पहले ही देश के प्रदूषित शहरों में शामिल हो चुका है। कई एजेंसियों ने सर्वेक्षण करने के साथ कोरबा की रैंकिंग दूसरे प्रदूषित शहर के रूप में की है और बताया है कि यहां पर प्रदूषण का स्तर हद से ज्यादा है और यह सब यहां की आबादी और पर्यावरण के लिए खतरनाक है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

भाजपा कोसाबाड़ी मंडल ने सड़कों की बदहाली से लोगों को हो रही परेशानी को लेकर नाराजगी जताई है। मेयर को इस बारे में ज्ञापन सौंपने के साथ कहा गया कि वे घटिया सड़क बनाने वाले ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज कराए वरना एक पखवाड़े बाद आंदोलन किया जाएगा। वहीं प्रदेश के श्रम, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सड़कों की दुर्दशा पर चिंता जताते हुए कमिश्नर को पत्र भेजा है। कहा गया कि यथाशीघ्र सड़कों को ठीक कराएं।

## घंटाघर में होगा भोजली तिहार

**कोरबा।** इस बार भी नगर में भोजली तिहार का पारंपरिक आयोजन 20 अगस्त को धूमधाम से होगा। बड़ी संख्या में भोजली के साथ महिलाएं और बालिकाएं शामिल होंगीं। स्थानीय संगठन आयोजन को कर रहा है जिसने तैयारी तेज की है। बताया गया कि दोपहर 3 बजे भोजली के साथ लोग यहां इकट्ठे होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ भोजली यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद विसर्जन किया जाएगा।

## सर्पदंश से मौत

**कोरबा।** जमीन पर सोने के दौरान ग्रामीण को जहरीले सर्प ने डंस लिया। इस घटना में राजाराम डहरिया के पुत्र अनिल कुमार की मौत हो गई। करनारा बरबसपुर में अनिल अपने घर के आंगन में दोपहर को सोया हुआ था। उसी समय सर्प ने उसे डंस लिया। ग्रामीण के द्वारा परिजनों को सूचित करने के बाद पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया। सर्प के विष का असर ज्यादा होने से उसे नहीं बचाया जा सका।

*कोरबा। स्टेप डांस अकादमी योगा एंड फिटनेस क्लब ने सावन उत्सव का आयोजन टीपी नगर के होटल महाराजा में किया। यहां पर कई प्रतियोगिताएं रखी गईं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## पुलिस वाहन पलटने की घटना तीन कर्मी घायल, एक गंभीर



**कोरबा।** कटघोरा-बिलासपुर नेशनल हाइवे में चैतमा के पास मानिकपुर पुलिस चौकी का बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि प्राथमिक उपचार के बाद घायल अनिल यादव की स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे उच्च उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।

मानिकपुर पुलिस चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक नन्हे सिंह चालक अनिल यादव और एक अन्य सोमवार की रात पाली चैतमा की ओर गए हुए थे। वे आज तड़के वापस लौट रहे थे इस दौरान पाली चैतमा मुख्य मार्ग पर वाहन ओवरब्रिज पार करते समय डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गई। जिससे उसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए। वाहन को अनिल यादव चला रहा था। जिन्हें दुर्घटना में काफी गंभीर चोटें आई है। उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

## आंध्र में पंजीकृत कंपनियां छग में कैसे कर रहीं काम

### जनहित के मुद्दे पर लगाएंगे पीआईएल : जायसवाल



**कोरबा।** नेशनल फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन (एनएफआईटीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने इस बात पर हैरानी जताई है कि आखिर आंध्रप्रदेश में पंजीकृत कंपनियां छत्तीसगढ़ के उद्योगों में कैसे काम कर रहीं हैं। जबकि नियमानुसार उन्हें अपने कार्यक्षेत्र वाले मौजूदा स्थान पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। एसईसीएल समेत कई क्षेत्रों में इस प्रकार की गड़बड़ी है और यह जांच का विषय है।

मंगलवार को मध्याह्न दीपक यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ दूसरे संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। दीपक ने बताया कि कोरबा सहित कई जिलों में श्रम और उद्योग नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। अकेले एसईसीएल कंपनी में कुछ ही समय में 60हजार करोड़ के ठेके दिए गए और इनमें भी कोरबा, कुसमुंडा और दीपका क्षेत्र में लगभग 45 हजार करोड़ के ठेके उन लोगों की कंपनियों को प्राप्त हुए जो पहले कभी कोल सेक्टर में बड़े अधिकारी थे। इसके चलते भी व्याप्त गड़बड़ियों पर कोई एक्शन नहीं हो सका। जायसवाल ने कहा कि कोरबा और जांजगीर-चांपा समेत कई क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के कारण प्रदूषण की गंभीर समस्या है। जनता को इसका खामियाजा भुगतान पड़ रहा है। प्रबंधन और प्रशासन को इस बारे में जानकारी है लेकिन नतीजे शून्य हैं। हमने तय किया है कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर जल्द ही हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।

## भूविस्थापितों ने किया एसईसीएल मुख्यालय का घेराव




**कोरबा।** लंबित रोजगार प्रकरणों में रोजगार दिए जाने की मांग को लेकर आज एसईसीएल के भूविस्थापितों ने बिलासपुर स्थित मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान भूविस्थापितों ने मुख्य द्वार का घेराव कर अपनी मांग रखी। भूविस्थापितों द्वारा पूर्व में चेतावनी दी गई थी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गई तो 13 अगस्त को वे बिलासपुर मुख्याल पहुंचेंगे और सीएमडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंग। चेतावनी के बाद एसईसीएल प्रबंधन द्वारा को कदम नहीं उठाए जाने पर आज कोयलांचल के भूविस्थापित बिलासपुर पहुंचे और मुख्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। हड़ताल का नेतृत्व किसान सभा ने किया। भूविस्थापितों ने कहा है कि उनका प्रदर्शन तब तक जार रहेगा जब तक कि उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती।

## व्यस्त क्षेत्रों में बेजा कब्जा से परेशानी, समाधान खोजने अब पुलिस ने दिखाया कड़ा

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के सभी थाना चौकियों में सजग कोरबा के तहत अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को दुरस्त किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कटघोरा पुलिस पिछले एक सप्ताह में कटघोरा नगर में अभियान चलाकर मोडिफाइड साईलेसर, शराब पीकर वाहन चालको व नो एंट्री में शहर के भीतर घुस रहे भारी वाहनों पर लगातार कार्यवाही कर रही है। बतादें की कटघोरा पुलिस ने बीते एक सप्ताह में 5 प्रकरण 185 शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर, 17 प्रकरण पर मोडिफाइड साइलेंसर उपयोग करने वाले वाहन चालकों पर तथा 12 प्रकरण नो एंट्री में शहर के भीतर घुस रहे भारी वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 1 लाख 16 सौ रुपये की पेनांल्टी वसूली गई। पुलिस की इस कार्यवाही से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार नज़र आ रहा है।



कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी में कटघोरा नगर के न्यू बस स्टैंड, शहीद वीर नारायण चौक व बिलासपुर रोड पर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर होर्डिंग शेड निर्माण कर रखा है जिसके चलते नगर की यातायात व्यवस्था चौपट हो रही है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने कटघोरा नगर पालिका के सीएमओ को पत्र लिखकर कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। सड़क पर बेतरतीब वाहनों के खड़े होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ रही है। नगर में बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी आज अपनी टीम के साथ नगर में निकले। पुलिस ने कटघोरा न्यू बस स्टैंड, शहीद वीर नारायण चौक व बिलासपुर मार्ग पर दुकानों के बाहर खड़े बेतरतीब वाहनों पर लॉक करते हुए कार्यवाही के साथ ही वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की। थाना प्रभारी वाहन चालको को समझाइस भी दी साथ दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने व दुकान के सामानों को दुकान के भीतर व्यवस्थित ढंग से रखने की अपील की।

## परिवहन विभाग ने सावन सोमवार को दिखाए सरोकार, कांवरियों की सेवा

**कोरबा।** कनकेश्वर महादेव धाम ग्राम कनकी में सावन माह के चौथे सोमवार को कोरबा जिले के विभिन्न मार्गो से दर्शन हेतु भारी संख्या में आने वाले दर्शनार्थियों ,श्रद्धालुओं एवं कांवरियों को मार्ग पर सुरक्षा प्रदान करने ,सड़क पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने ,सड़क दुर्घटना से बचाव एवं सुचारु यातायात संचालन हेतु जिला परिवहन अधिकारी कोरबा विवेक सिन्हा एवं प्रभारी आरटीओ उड़नदस्ता कोरबा सी.के. साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चार विशेष टीम बनाकर सड़क सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।



उड़नदस्ता टीम द्वारा मार्ग के किनारे शिविर लगाकर आने जाने वाले भक्तजनों को फल ,मिष्ठान एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया गया। बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से शिविर में उपस्थित श्रद्धालुओं, आम जनों को उच्च अधिकारियों द्वारा सड़क एवं यातायात सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की गई। मार्ग के किनारे शिविर लगाकर तथा उड़नदस्ता टीम द्वारा विभिन्न मार्गों पर निगरानी कर यातायात को प्रभावित होने से रोकने ,दुर्घटना होने की संभावना के प्रति सतर्कता बरतने की हर संभव कोशिश की गई। कांवरियों की सुरक्षित यात्रा के लिए उड़न दस्ता टीम द्वारा सर्वमंगला मंदिर से एवं उरगा से ग्राम कनकी तक सड़क व्यवस्था को गतिशील बनाएं रखा गया तथा आमजनों की सड़क सुरक्षा का इंतजाम किया गया। टीम में इंस्पेक्टर सुजीत सिन्हा, अरविंद प्रजापति, प्रदीप शर्मा, प्रवीण सोनी, निलेश देवांगन, के.पी.यादव, सतानंद जांगड़े, अशोक देवांगन, रामकुमार खरे, लोमस वर्मा आदि

## शराब की लत के चक्कर में लगा ली फांसी

**कोरबा।** कोरकोमा गांव में 24 वर्षीय विश्वजीत राठिया ने फांसी लगा ली। फंदे पर उसका शव मिला। आज सुबह घर के लोगों को इस बारे में जानकारी हुई। सूचना दिए जाने पर रजगामार पुलिस की टीम यहां पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी महासिंह धुर्वे ने बताया कि मृतक को शराब की लत की। इस कारण से घर पर अकसर तनाव की स्थिति रहती थी। उसकी हरकत के कारण पत्नी तीन महीने पहले अपने मायके चली गई। इधर पिछली रात्रि को विश्वजीत ने यह कदम उठा लिया।

## वर्कशॉप में लगी भीषण आग कैंम्पर वाहन जलकर खाक

**कोरबा।** सुनालिया बाईपास मार्ग पर स्थित महिन्द्रा वर्कशॉप में आज सुबह आग लग जाने से एक कैम्पर वाहन जलकर राख हो गया। जबकि अन्य वाहन डायल 112 तथा फायर बिग्रेड की सुझबूझ से समय पर आग पर काबू पा लिए जाने से सुरक्षित बच गया । घटना में कोई जनहानि भी नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार सुनालिया बाईपास मार्ग पर महिन्द्रा वर्कशॉप स्थित है जहां आज सुबह एकाएक



आग लग गई। जिसे मार्ग से गुजर रहे लोगों ने देखा और तत्काल इसकी सूचना डायल 112 के जवानों को दी। जिस पर जावन तत्काल मौके पर पहुंचे और वर्कशॉप संचालक तथा फायर बिग्रेड को दी। जिसपर फायर बिग्रेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और वर्कशॉप में लगी आग को काबू किया। वर्कशॉप में लगी आग पर समय पर नियंत्रण पा लिए जाने के कारण ज्यादा क्षति नहीं पहुंची लेकिन आग की चपेट में आ जाने से एक केम्पर वाहन जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह का अभी भी पता नही चल सका है।

## जिले में हाथियों का आतंक जारी : घर तोड़ा, रौंदी फसल

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा व कटघोरा में हाथियों का आतंक थमने का नाम ही नही ले रहा है। कटघोरा के पसान रेंज अतंर्गत बनिया क्षेत्र से अचानक लमना पहुंचे दो दंतैल हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के घर को ढाहा दिया वहीं कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में मौजूद 11 हाथियों कादल रात में करतला रेंज के कलगामार गांव पहुंच गया था। और वहां खेतो में उत्पात मचाने तथा फसल को रौंदने के बाद सुबह होने से पहले वापस कुसमुरा पहुंच गया । और यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक 1140 में फिर डेरा जमा दिया हाथियों के दल ने जंगल पहुंचने से पूर्व रास्ते में तौलीपाली तथा कुदमुरा के 6 ग्रामीणों की खेतो में लगे धान की फसल को रौंद डाली है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। वन विभाग द्वारा हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को लगातार सर्तक करने का काम शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि वें हाथियों से दूरी बनाए रखे।

### लोनर अभी भी मौजूद छाता जंगल में

इस बीच खतरनाक लोनर हाथी अभी भी पंतोरा के निकट छाता जंगल में डेरा डाला हुआ है। इस पर नियंत्रण करने के लिए राजू नामक प्रतिक्षित कुमकी हाथी पंतोरा क्षेत्र में पहुंचा हुआ है। लेकिन अब तक नियंत्रण के दिशा मेंकुमकी को खास सफलता नही मिल पायी है। लोनर हाथी कुमकी को देखते ही भाग कर छिप जा रहा है। जिससे अभियान रूकावट पैदा हो रही है। कल कनकी में सोमवार को कांवर यात्रा को देखते हुए अभियान को रोक दिया गया था। संभावना है कि आज फिर कुमकी को छाता के जंगल में उतारा जाएगा। लोनर के नियंत्रण हेतु पहुंचे कुमकी हाथी राजू के संबंध में बताया जाता है कि कभी उत्पात मचाने वाला यह हाथी अब जंगल का पहरेदार बन चुका है, और उसकी चिंघाड़ से न केवल जंगली हाथी दूर रहते हैं, बल्कि लकड़ी तस्कर भी उससे खौफ खाते हैं।

करीब 11 साल पहले राजू एक सामान्य जंगली हाथी था, जो राजनांदगांव के जंगलों में उत्पात मचा रहा था। वन विभाग की टीम ने उसे बड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा और उसे प्रशिक्षण के लिए रखा गया। राजू को विशेष प्रशिक्षण देकर 'कुमकी' हाथी बनाया गया। 'कुमकी' हाथी कोई प्रजाति नहीं, बल्कि वे हाथी होते हैं जो विशेष रूप से प्रशिक्षित होते हैं और जंगली जानवरों को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। एक तरह से कहें तो कुमकी हाथी न केवल जंगली जानवरों को घने वानों में वापस भेजने की कला जानते हैं बल्कि अपने महावत के हर इशारे को समझते हैं और जंगल में विषम परिस्थितियों का सामना करने के काबिल होते हैं।

कुछ साल पहले, राजू को सरगुजा क्षेत्र के अचानकमार टाइगर रिजर्व के सिंहावल में स्थानांतरित किया गया, जहां उसकी दोस्ती लाली नाम की हथिनी से हुई। आज राजू और लाली के दो बच्चे भी हैं—बड़ा बेटा सावन और छोटा बेटा फागू। राजू अपने महावत शिवमोहन राजवाड़े के साथ जंगल की गश्त करता है, लाली और सावन भी उनके साथ रहते हैं। फागू अभी छोटा है, इसलिए उसे कैंप में ही रखा जाता है। राजू और लाली के परिवार के लिए जंगल में कैंप की स्थापना की गई है। जहां सौर ऊर्जा से चलने वाला मोटर पंप, तीन शेड, मेडिकल किट और महावत के परिवार के लिए आवास की व्यवस्था है।राजू की सबसे बड़ी खासियत उसकी सतर्कता है। लकड़ी की तस्करी करने वालों में राजू का जबरदस्त खौफ है। आरी और टांगी की हल्की सी आवाज सुनते ही राजू तस्करों की ओर चिंघाड़ते हुए दौड़ पड़ता है, जिससे तस्कर भाग खड़े होते हैं। राजू अब तक 100 से अधिक तस्करों की साइकिलें जब्त कर चुका है और महावत को सौंप दी हैं। राजू का बड़ा बेटा सावन भी अब 'कुमकी' हाथी बनने की राह पर है। राजू और उसके परिवार को पालतू बनाए रखने के लिए विशेष भोजन और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की जाती है। राजू न केवल जंगल की निगरानी करता है, बल्कि घायल अवस्था में मिले अन्य जानवरों की भी देखभाल करता है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com